卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां, नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं, जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 143 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦27 फरवरी 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## सीएम को काले झण्डे दिखाने जा रहे कांग्रेसी गिरफ्तार

ऋषिकेश (उद संवाददाता)। प्रदेश के मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को काले झंडे दिखाए जाने की तैयारी कर रहे युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ऋषिकेश स्थित श्री देव सुमन राजकीय महाविद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होना था उससे पूर्व युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री को काले झंडे दिखाए जाने का ऐलान कर दिया था जिसे देखते प्रदेश के मुख्यमंत्री की सुरक्षा के दृष्टि गत हुए पुलिस ने युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं जितेंद्र पाल, युवक कांग्रेस (शेष पृष्ठ 7पर)

## पेड़ से लटका मिला युवक का शव

लालकुआ(उद संवाददाता)। यहां तराई केंद्रीय वन प्रभाग टांडा रेंज के अंतर्गत डौबी फील्ड के पास एक युवक का पेड़ से लटका शव मिलने से सनसनी फैल गयी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। प्रथम दृष्टया माना जा रहा है कि युवक ने आत्महत्या की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।



जानकारी के मुताबिक सोमवार सुबह करीब 10:30 बजे तराई केंद्रीय वन प्रभाग टांडा रेंज के अंतर्गत डौबी फील्ड के पास नगर के प्रतिष्ठित परिवार से जुड़े एक युवक का शव पेड़ से लटका मिलने हड़कंप मच गया। यहां मैदान में खेल रहे बच्चों ने युवक का शव पेड़ से लटका देखा। सूचना पर मौके पर पहुंचे लालकुआं कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक डीआर वर्मा सहित पुलिस टीम ने शव पेड़ से नीचे उतरवाया और कब्जे में लेते हुए पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ मामले की छानबीन शुरू कर दी है। युवक की पहचान लालकुआं नगर के वार्ड नंबर 4 निवासी 19 वर्षीय पवन बत्रा पुत्र रमेश चंद्र बत्रा के रूप में हुई है। रमेश चंद्र बत्रा वर्तमान में अब बेरी पड़ाव में बनाए गए नवनिर्मित मकान में जाकर बस गए हैं। सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। युवक की मौत की वजह का अभी पता नहीं चल सका है। प्रथम दृष्टया माना जा रहा है कि युवक ने आत्महत्या की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बेकाबू डंपर की टक्कर से छात्रा की मौत, मां घायल

### मां के साथ स्कूटी पर स्कूल जा रही थी नौ साल की नैना, परिवार में मचा कोहराम

बनबसा (उद संवाददाता)। तेज रफतार डंपर ने स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी में मां के साथ स्कूल जा रही नौ साल की छात्रा की मौत हो गयी। जबकि मां घायल हो गयी। घायल को चिकित्सालय भर्ती कराया गया है। मृतक छात्रा मैक्सटन स्कूल की छात्रा थी। घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। जानकारी के अनुसार संतोष कालोनी बनबसा निवासी नैना जोशी अपनी मां के साथ स्कूटी पर सवार होकर मैक्सटन स्कूल जा रही थी। तभी तेज रफतार डंपर ने रास्ते में स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से लगने से दोनों मां बेटी सड़क पर इधर उधर छिटक गये। हादसे में नौ साल की नैना ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे में बच्ची की मां घायल हो गयी। उसे अस्पताल भर्ती कराया गया है। घटना के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गयी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए टनकपुर भेज दिया। घटना से परिवार में कोहराम मचा है।

## दिल्ली से चुराई गई कार के साथ दो गिरफ्तार

लालकुआं (उद संवाददाता)। पुलिस ने चौकिंग के दौरान दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की कार बरामद की है। पुलिस क्षेत्राधिकारी अभिनय चौधरी ने बताया कि हल्दूचौड़ चौकी प्रभारी सोमेन्द्र सिंह पुलिस बल के साथ सुभाष नगर बैरियर पर चौकिंग पर थे तभी किच्छा कि और से एक सफेद रंग कि इको कार्गो वैन डीएल-1 एलआर -8761 आती दिखाई दी चैकिंग के दौरान पुलिस ने उसे रूकने का इशारा किया तो कार सवार दोनों युवक भागने लगे जिसपर पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों कार सवार युवकों को पकड़ लिया। पुछताछ में पकड़े गए युवकों ने अपने नाम नरेश चौहान पुत्र जगत सिंह चौहान हाल निवासी जैन कालोनी उत्तम नगर दिल्ली तथा मुल निवासी धनोल्टी क्षेत्र के ग्राम थत्यूड़ जिला टिहरी उत्तराखंड वहीं उसका साथी हेमन्त बिष्ट पुत्र नंदा बल्लभ बिष्ट निवासी चनौदा गांव सोमेश्वर जिला अल्मोड़ा का बताया। पकड़े गए दोनों युवकों ने पुलिस को बताया कि वह नशे के आदी हैं जिसके चलते दोनों ने मिलकर 16/17फरवरी की रात मटियाला द्वारिका सेक्टर 3 स्थित शराब की दुकान के पास से सफेद रंग की इको कार्गो वैन को चुराया तथा चुराई गई कार को (शेष पृष्ठ सात पर)



## प्रदेश की दो महिला सरपंचों का स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान के लिए चयन

### बागेश्वर की कविता देवी और देहरादून की निकिता चौहान को मिला सम्मान, मुख्यमंत्री ने दी बधाई

देहरादून/बागेश्वर(उद संवाददाता)। अपने गांवों को ओडीएफ (खुले में शौच से मुक्त) प्लस मॉडल बनाने की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए बागेश्वर जिले की कविता देवी और देहरादून जिले की निकिता चौहान को भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय द्वारा स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान के लिए चयनित किया गया है। सीएम धामी ने दोनों महिलाओं को बधाई दी। सीएम धामी ने कहा कि हमारे राज्य की महिला सरपंचों को यह सम्मान मिलना प्रदेशवासियों विशेषकर यहां की महिलाओं के लिए गौरव का विषय है। यह सम्मान उत्तराखंड में जमीनी स्तर पर महिला नेतृत्व के असाधारण योगदान का सम्मान है। यह सम्मान उन सभी लोगों को प्रेरित करेगा जो अपने गांवों को स्वच्छ बनाने और गांवों में जल संरक्षण के लिए कार्य कर रहे हैं। गांवों को स्वच्छ बनाने, ओडीएफ प्लस मॉडल गांवों के निर्माण, हर घर जल मिशन व जल संरक्षण में ग्राम प्रधानों एवं सरपंचों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उत्तराखंड में महिला ग्राम प्रधान, महिला सरपंच, महिला स्वच्छाग्रही, महिला स्वयं सहायता समूह, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बहनें धरातल स्तर पर अपनी प्रभावी नेतृत्व क्षमता और कुशल प्रबन्धन के माध्यम से राज्य के विकास में असाधारण योगदान दे रही हैं। केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय द्वारा स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान के तहत चार मार्च से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह मनाया जाएगा। इस वर्ष उत्तराखंड की दो महिलाओं का चयन भी स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान 2023 के लिए हुआ है। चार मार्च को नई (शेष पृष्ठ सात पर)

## शिव ने व्यक्ति नहीं गाबा के व्यक्तित्व को साध कर भाजपा को किया मजबूत

### शिव की दूरदर्शिता से आगामी चुनाव में मिलेगा भाजपा को लाभ, सुशील गाबा का सैकड़ों युवाओं के साथ भाजपा में आना विधायक की चाणक्य नीति का परिणाम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सुलझे हुए राजनैतिक एवं क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा ने एक बार फिर अपनी दूरदर्शिता का परिचय देते हुए तराई में भाजपा के किले को और मजबूत करने का काम किया है। कांग्रेस के तेजतर्रार नेता सुशील गावा को सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा के खेमे में लाकर विधायक शिव अरोरा ने आगामी निकाय चुनाव से पहले ही भाजपा को बड़ा झटका देकर पार्टी की स्थिति मजबूत कर ली है। विधायक शिव अरोरा भाजपा के अनुभवी और सुलझे हुए नेता माने जाते हैं। जिलाध्यक्ष पद पर रहते हुए उन्होंने अपनी सटीक रणनीति से कई चुनावों में कांग्रेस को चारों खाने चित करने में अपनी अहम भूमिका का निर्वहन किया था। उनकी कार्यशैली और पार्टी के प्रति समर्पण को देखते हुए ही 2022 के विधानसभा चुनाव में पार्टी ने सिटिंग विधायक का टिकट काटकर उन्हें प्रत्याशी बनाया था जिसमें उन्होंने बम्पर वोटों से जीत दर्ज कर अपनी ताकत का अहसास कराया। विधायक रहते हुए अब शिव अरोरा जहां विकास के नये विजन के साथ रूद्रपुर को नया स्वरूप देने की कोशिश कर रहे हैं वहीं उनकी नजर आगामी निकाय और लोकसभा चुनाव पर भी है जिसके लिए उन्होंने भाजपा के किले को और मजबूत बनाने के लिए प्रयास शुरू कर दिये हैं। इसी के तहत शिव अरोरा ने कांग्रेस में कई पदों पर काम कर चुके तेज तर्रार सुशील गावा को सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में लाकर कांग्रेस को बड़ा झटका दिया है। कांग्रेस के बेदाग नेता एवं समाजसेवी सुशील गाबा और उनके सैकड़ों युवा समर्थकों को भाजपा में लाकर शिव अरोरा ने एक तीर से कई निशाने लगाए हैं। बता दें गाबा की निगम क्षेत्र ही नहीं बल्कि तराई में एक निर्विवाद और ईमानदार नेता के रूप में पहचान है। उनका निगम क्षेत्र के छोटे-छोटे मोहल्ले सहित विभिन्न कॉलोनियों में अच्छी खासी पकड़ है। यहीं नही उनकी रुद्रपुर नगर निगम के सभी वार्डो सहित सभी क्षेत्रों में अपनी युवाओं की सशक्त टीम है। श्री गाबा को नगर निगम क्षेत्र के लोग व्यक्तिगत रूप से जानते हैं और उनसे अच्छी तरह परिचित हैं। श्री गाबा रुद्रपुर में काफी जाना पहचाना चेहरा है। इसके साथ ही श्री गाबा पिछले कई सालों से धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं। धार्मिक कोई भी कार्यक्रम होता है तो श्री गाबा उसमें बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए और अपना आर्थिक सहयोग प्रदान करते हैं। क्षेत्र के होने वाली दुर्गा पूजा नवरात्रि श्री रामलीला में सुशील गावा महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं यही नहीं पिछले कई सालों से श्री गाबा श्री रामलीला में हनुमान जी की भूमिका भी निभा रहे हैं।सामाजिक क्षेत्र में भी श्री गाबा निधन कन्याओं के विवाह से लेकर अन्य कई प्रकार से सहयोग करते आ रहे हैं। पिछले कई सालों से श्री गाबा ने डेंगू के खिलाफ अभियान चलाते हुए जगह-जगह कीटनाशक का छिड़काव किया जिसके चलते उनके शरीर में एलर्जी हो गई (शेष पृष्ठ सात पर)



## हाईकोर्ट के फैसले से स्टोन क्रेशर स्वामियों को झटका

नैनीताल(उद संवाददाता)।उच्च न्यायालय ने गौला नदी से निकलने वाले वन उप खनिज की ओवरलोडिंग को जुलाई माह तक रोक लगा दी है। अब गौला नदी से निकलने वाले वाहन 108 कुंटल वजन ही नदी से बाहर निकाल सकेंगे। उच्च न्यायालय नैनीताल की डबल बेंच ने खनन व्यवसायियों के पक्ष में फैसला सुनाते (शेष पृष्ठ सात पर)

## खाई में गिरी बाईक, युवक घायल

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। बाईक पर दन्या से जागेश्वर जा रहा युवक बाईक समेत खाई में गिरकर घायल हो गया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक को खाई से निकालकर अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार गडयूड़ा थाना चंपावत निवासी 32 वर्षीय किशोर भट्ट रविवार रात बाईक पर दन्या से जागेश्वर जा रहा था। सोना सिलिंग के पास उसकी पल्सर बाईक अनियंत्रित होकर खाई में गिर गयी। डायल 112 को सूचना मिलने पर कांस्टेबल प्रताप सिंह मेहरा, ललित मोहन और दीपक द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचे और घायल किशोर भट्ट स्थानीय (शेष पृष्ठ सात पर)



## पूर्व विधायक शुक्ला को जान से मारने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला को जान से मारने की धमकी देने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बता दें पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने पुलिस को दी तहरीर में कहा था कि उनके मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर जान से मारने की धमकी दी थी। फोन करने वाले ने अपना नाम संजय ठाकुर निवासी ग्राम बरा बताया था। फोन पर गाली गलौच भी की थी और बरा आने पर जान से मारने की धमकी और परिवार को नुकसान पहुंचाने की भी धमकी दी थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी थी। मामले में किच्छा पुलिस ने बंडिया निवासी सन्नी नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है।


# राष्ट्रीय फलक पर छा गये उत्तराखंड के नेत्रहीन लोक गायक पूरन सिंह राठौर





## पीएम मोदी ने मन की बात के 98वें एपिसोड में की सराहना,गीत गाकर करते हैं परिवार का भरण पोषण






बागेश्वर(उद ब्यूरो)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात के 98वें एपिसोडमें में दुग नाकुरी तहसील के लोक गायक दिव्यांग पूरन राठौर का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उस्ताद बिस्मिल्लाह खां युवा पुरस्कार से सम्मानित पूरन राठौर ने राजुला मालूशाही, न्योली, हुड़क्या बौल, श्रुतु रैण, जागर, भगनौल आदि विधाओं में रचनाएं प्रस्तुत कर संस्कृति बढ़ाने के क्षेत्र में कार्य किया है, वह सराहनीय है। मन की बात कार्यक्रम में पूरन सिंह राठौर की बात होने पर दुग नाकुरी तहसील क्षेत्र के साथ ही पूरे जिले में खुशी की लहर है। आंखों से दिव्यांग पूरन सिंह राठौर 11 वर्ष की उम्र से गीत गाने लगे। अभी उनकी उम्र 39 वर्ष है। वह पढ़े-लिखे नहीं हैं। उन्हें दिव्यांग पेंशन मिलती है। वह जागर, ऋतु रैण, छपेली, झोड़ा, चांचरी, न्योली और उत्तराखंड फोक गाते हैं। थाली, डांगर, ढोल, दमुआ, हुड़का आदि वाद्य यंत्र बजाते हैं। इंटरनेट मीडिया में अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं। बागेश्वर के दृष्टि बाधित लोक विध ा के जानकार पूरन सिंह राठौर का नाम रविवार को राष्ट्रीय फलक पर छा गया। प्रधानमंत्रे नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में उस्ताद बिस्मिल्ला खां युवा पुरस्कार विजेता पूरन सिंह राठौर की कला का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने उत्तराखंड की लोक विधा में नई जान फूंकी है। उन्होंने उत्तराखंड के लोक संगीत में कई पुरस्कार जीते हैं। पीएम ने लोगों से अपील की कि उनके राठौर के बारे में जरूर पढ़ें। पीएम ने बताया कि पूरन सिंह राठौर ने अपने अभिनय से पॉप संगीत को भी नई दिशा दी है और सोशल मीडिया पर कई वीडियो भी तैयार किये है। जन्म से ही दृष्टि बाधित पूरन की लोक कला के दीवानों की कमी नहीं है। वह इलाके में खासे चर्चित हैं। बीते 15 फरवरी को जब उन्हें प्रतिष्ठित उस्ताद बिस्मिल्ला खां युवा पुरस्कार मिला, वह और चर्चाओं में आ गए। यही पुरस्कार उन्हें पीएम की मन की बात कार्यक्रम तक पहुंचा गया। पूरन सिंह राठौर की चर्चा प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में होने से पूरन सिंह बेहद खुश हैं। जिले के लोगों में पूरन और पूरन की लोक विध ा को लेकर जिज्ञासा और बढ़ गई है।लोक गायक पूरन राठौर बेहद खुश हैं। उनका नाम मोदी जी ने मन की बात में लिया है। वह कहते हैं कक्षा पांच से सभी विद्यालयों में संगीत विषय की पढ़ाई होनी चाहिए। रीमा क्षेत्र में संगीत विद्यालय खोला जाए। वाद्य यंत्रों की उनके पास काफी कमी है। लोक गायक राठौर अपने पैतृक गांव रीमा में अपने परिवार के साथ रहते हैं। गीत गाकर वह परिवार को भरण पोषण कर रहे हैं। उनकी 15 वर्षीय बेटी रोशन कक्षा 10, 13 वर्षीय नेहा कक्षा सात, 10 वर्षीय गरिमा कक्षा पांच और छह वर्षीय पुत्र मयंक कक्षा एक में पढ़ रहे हैं। पत्नी हेमा देवी उनकी आंखें हैं। कपकोट विधायक सुरेश गढ़िया ने न की बात के एपिसोड में जनपद के लोक कलाकार पूरन सिंह राठौर की कला का जिक्र करने पर पीएम मोदी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की नजर सुदरवर्ती गांव में पूरे देश तक है। जिसका जीता जागता उदाहरण पूरन सिंह राठौर की कला का मन की बात से प्रसारण करना है। कलाकारों, युवाओं और अपने क्षेत्र में अच्छे कार्य कर रहे लोगों में आत्मविश्वास बढ़ेगा। कपकोट विधानसभा क्षेत्र और जिले के लिए बड़ी उपलब्धि है।

# विधानसभा से बर्खास्त कर्मियों की बहाली होनी चाहिये : स्वामी

देहरादून। पूर्व कानून मंत्री सुब्रमण्यम स्वामी ने विधाानसभा के 228 कर्मियों को बर्खास्त करने के फैसले को गलत करार देते हुए आर्टिकल 14 का उल्लंघन बताया और सीएम से कर्मियों को बहाल करने की मांग की। साथ ही सुप्रीम कोर्ट में इस मामले को ले जाने की बात भी कही। रविवार को हरिद्वार स्थित अटल बिहारी राज्य अतिथि गृह में पत्रकारों से वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि उत्तराखंड विधाानसभा में कर्मियों को नियुक्त कर 2001 से 2015 तक नियमित कर दिया गया, लेकिन इसके बाद 2016 से भर्ती हुए सभी की छुट्टी करने की शुरुआत कर दी। 2001 से 2015 तक सबको नियमित कर दिया, लेकिन बिना कारण 2016 के बाद के कर्मियों को बर्खास्त करना भारतीय संविधाान के आर्टिकल 14 का उल्लंघन है। कहा, अभी ये मामला सुप्रीम कोर्ट में नहीं पहुंचा है। इसे सुप्रीम कोर्ट में ले जाने की रणनीति बनाएंगे, लेकिन आशा करता हूं कि सीएम खुद ही जैसे 2001 से 2015 तक के कर्मियों को नियमित किया, इन्हें भी बहाल कर नियमित करने का फैसला लें। कहा, वरना कोर्ट में ये द्धसरकारत्रः हारेगी, विश्वास के साथ कहता हूं। कहा, आज तक जो भी केस मैंने लड़े सभी में जीत मिली है। अब 288 कर्मचारियों को उज्जवल करने के लिए कदम उठाएंगे, तब तक ऐसा नहीं होगा, जब तक इस मामले को बिल्कुल भी छोड़ेंगे नहीं। सुब्रमण्यम स्वामी बर्खास्त कर्मियों को लेकर कुछ दिन पहले सीएम धाामी को पत्र लिख चुके हैं। कहा, एक ही संस्थान में एक ही प्रक्रिया से नियुक्ति पाने वाले कार्मिकों की वैधाता में दो अलग-अलग निर्णय कैसे हो सकते हैं। कुछ लोगों की नियुक्ति को अवैधा बताने के बाद भी बचाया गया, जबकि कुछ को अवैधा करार कर बर्खास्त भी कर दिया गया। यह कार्रवाई कहीं से भी उचित नहीं लगती है। विस से बर्खास्त सभी कर्मचारी हरिद्वार पहुंचे। पत्रकार वार्ता के दौरान बर्खास्त कर्मी मौजूद रहे। इस दौरान पूर्व कानून मंत्री का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत भी किया। इस दौरान गिरीश सिंह, प्रदीप सिंह, मुकेश, कपिल धौनी, गीता नेगी, भगवती सैनी, पुष्पा बिष्ट, बबीता कंडारी, नेहा कैंथुरा आदि शामिल रहे।



# उत्तराखंड सहित हिमालयी राज्यों को भी विशेष दर्जा देगी कांग्रेस

देहरादून। केंद्र में कांग्रेस की सरकार आने पर उत्तराखंड सहित 11 हिमालयी राज्यों को विशेष दर्जा दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ के रायपुर में हुए पार्टी के महाधि वेशन में पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी के प्रस्ताव पर मुहर लगाई गई है। इस कमेटी में उत्तराखंड कांग्रेस के दो दिग्गज नेता पूर्व पीसीसी अध्यक्ष प्रीतम सिंह और गणेश गोदियाल भी शामिल थे। उत्तराखंड राज्य को वर्ष 2001 में केंद्र की अटल विहारी वाजपेयी सरकार ने विशेष राज्य का दर्जा दिया था, लेकिन बाद में इसे वापस ले लिया गया। अखिल भारतीय कांग्रेस के रायपुर में हुए महाधिवेशन में तमाम प्रस्ताव पास किए गए। इनमें नार्थ ईस्ट राज्यों को विशेष राज्य का दर्जा दिए जाने का प्रस्ताव भी रखा गया था। पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी में शामिल पूर्व पीसीसी अध्यक्ष प्रीतम सिंह और गणेश गोदियाल ने नार्थ ईस्ट के साथ ही उत्तराखंड सहित सभी हिमालयी राज्यों को इस श्रेणी में रखे जाने का प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसम्मति से पास कर दिया गया। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा, उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना आदि ने दोनों नेताओं को इसके लिए बधाई दी है। पूर्व सीएम हरीश ने इसे गोदियाल-प्रीतम इफेक्ट नाम दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राजनीतिक प्रस्ताव में उत्तराखंड सहित हिमाचल, जम्मू कश्मीर और पर्वतीय राज्यों के लिए विशेष दर्जे का राज्य बनाने का वादा किया गया है। यह भविष्य के लिए एक शुभ संकेत है।

# अवैध खनन का ट्रैक्टर रोकने गए सिपाही पर हमला

देहरादून। अवैध खनन का ट्रैक्टर रोकने गए सिपाही पर हमले की घटना के बाद तमाम सवाल भी उठ रहे हैं। सिपाही सैर पर निकला था लेकिन घटनास्थल पर उसकी कार भी मौजूद थी। सिपाही थाने में ही रहता है। ऐसे में वह कार लेने पहले थाने आया होगा। थाने आया तो उसने अपने अधिकारियों को अवैध खनन की इस महत्वपूर्ण सूचना की जानकारी क्यों नहीं दी? खतरे को जानते हुए भी वह अकेले ही मौके के लिए क्यों रवाना हो गया? इन सब सवालों के जवाब के लिए एसएसपी ने मामले में जांच बैठा दी है। उन्होंने एसपी क्राइम से पूरे घटनाक्रम की जांच कर जल्द रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि कैंट पुलिस के अनुसार सिपाही रोज सैर पर जाता है। इसके बाद वह टपकेश्वर मंदिर भी जाता है। रविवार को जब वह सैर पर निकला तो उसे अवैध खनन की सूचना मिली तो वह सीधे वहीं चला गया। घटनास्थल थाने से पांच किलोमीटर दूर है। जाहिर है जब सूचना खनन से लदे ट्रैक्टर की थी तो आरोपी के भागने की भी संभावना थी। ऐसे में सिपाही को जल्द से जल्द वहां पर पहुंचना था। इसके लिए वह कार से निकला। यदि वह कार से निकला तो सैर पर कैसे जा सकता है। एसएसपी दलीप सिंह कुंवर ने बताया कि मामले में हर दृष्टिकोण से जांच की जा रही है। यदि कोई और मामला निकला तो आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# पुंगरघाटी के विभिन्न गाँवो में संस्था ने बांटे कंबल

धरमघर (उद संवाददाता)।पुंगर घाटी के विभिन्न गाँवो में देशवाल फाउंडेशन गुरुग्राम हरियाणा केसदस्यों ने गरीबों को कंबल धोती-कुर्ता लोअर जैकेट और अन्य सामग्री का वितरण किया, संस्था द्वाराप्रेमनगर, सैनर, सानीगाव ,चौसाला,पाखु,डैणु,दशौली,बैराजुबरऔर संगौडआदि गाँवो के लोगों को संस्था के बारे में जानकारी दी, संस्था के सचिव जितेंद्र राज कुमार मनोज सैनी, पूर्व प्रध ान चोकोडी प्रधान मंगला प्रसाद,तिलोक सिंह कार्की, भास्कर पाठक,करम राम,केशर सिंह मेहरा , देवेन्द्र धानिक,बिनोद पाठक,सोबन राम गोपाल घ्राम ,नन्दलाल,जीवन पंत, केवलानन्द पाठकसहित अन्य लोगों को आवश्यक सामग्री का वितरण किया, समिति के सचिव ने कहा कि देश में सेवा भाव से मानवीयता के लिए कार्य किया जाता है, इस दौरान क्षेत्र के कई लोग और महिलाएं मौजूद थी।



# निरंकारी भक्तों ने चमकाया तमसा नदी व टपकेश्वर मंदिर परिसर









देहरादून (उद संवाददाता)। संत निरंकारी मिशन द्वारा अमृत परियोजना के अंतर्गत स्वच्छ जल स्वच्छ मन जन जागरूकता अभियान में निरंकारी भक्तों ने टपकेश्वर महादेव मंदिर तमसा नदी से कई कुंतल कचरा साफ करके चमकाया। इस अभियान में मंदिर के महंत दिगंबर भरत गिरी जी महाराज एवं हरीश चंद्र सेमवाल,सचिव संस्कृति मंत्रालय उत्तराखंड वह पदम सिंह थापा, अध्यक्ष गोरखाली सुधार सभा का जोनल इंचार्ज हरभजन सिंह, स्थानीय संयोजक नरेश वीरमानी ,संचालक मनजीत सिंह ने बुके देकर हार्दिक स्वागत किया। सभी ने अपने विचार रखें और निरंकारी मिशन की भूरी भूरी प्रशंसा की। हरभजन सिंह ने कहा कि बाबा हरदेव सिंह महाराज का जन्म दिन 23 फरवरी को निरंकारी भक्त मनाया करते हैं कुछ वर्ष पहले बाबा ने कहा कि अब दास के जन्म दिन को पूरे विश्व में सफाई अभियान करके मनाए, और कहा कि प्रदूषण बाहर का हो या अंदर का दोनों ही हानिकारक है। वर्तमान निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज वा राज पिता रमित चांदना जी के भरपूर आशीर्वाद से पूरे भारतवर्ष में लगभग 1100 स्थानों के 730 शहरों 27 राज्यों में यह अभियान चलाया गया। इसी श्रृंखला में उत्तराखंड राज्य के 19 स्थानों पर यह अभियान चला ज्ञात हो जहां स्वच्छ जल स्वच्छ मन सतगुरु माता जी का संदेश शरीर के लिए स्वच्छ जल और ब्रह्मज्ञान मन को स्वच्छ करता है, जो ब्रह्म ज्ञान निरंकारी मिशन प्रदान करता है। सेवादल के भाई बहन एवं संतों का अच्छा खासा उत्साह देखा गया निरंकारी सतगुरु माता, सुदीक्षा महाराज एवं राज पिता रमित चांदना की गरिमामयी उपस्थित मे दिल्ली यमुना नदी पर भी आयोजन चलाया गया। आजादी के 75वें 'अमृत महोत्सव' के तत्वावधान् में सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के पावन कर कमलों द्वारा प्रात: 8 बजे 'अमृत परियोजना' के अंतर्गत 'स्वच्छ जल स्वच्छ मन' का शुभारम्भ यमुना छठ घाट (आई. टी. ओ. ) से किया गया। इसके साथ ही सतगुरु माता जी के पावन आशीर्वाद से यह परियोजना समूचे भारतवर्ष के 1100 से अधिक स्थानों के 730 शहरों, 27 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में विशाल रूप से एक साथ आयोजित की गई। बाबा हरदेव सिंह की शिक्षाओं से प्रेरणा लेते हुए संत निरंकारी मिशन द्वारा निरंकारी सत्गुरु माता सुदीक्षा महाराज के दिव्य निर्देशन में 'अमृत परियोजना' का आयोजन हुआ। इस अवसर पर संत निरंकारी मिशन के सभी अधि कारीगण, केन्द्रीय एवं राज्य सरकार के मंत्री, गणमान्य अतिथि तथा हजारों की संख्या में स्वयंसेवक और सेवादल के सदस्य सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण संत निरंकारी मिशन की वेबसाईट के माध्यम से किया गया जिसका लाभ देश एवं विदेशों में बैठे सभी श्रद्धालुओं एवं निरंकारी भक्तों ने प्राप्त किया।

अरोरा डेन्टल केयर
Dental Facilities / सुविधायें
डैंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
• दांतों की नसों का इलाज / RCT
• फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
• नकली दांतों का जबड़ा लगाना / Complete Denture
• टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
• दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
• सफाई द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling
डा. गगनदीप गुम्बर B.D.S.,PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085
डा. अमप्रीत सिंह अरोरा B.D.S.,(Dental Surgeon) M.9997327642
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
Opp.Prabal Enclave, Near ICON School, Sidcul-Bigwara Road, Rudrapur, U.S. Nagar

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# नामांतरण संबंधी दस्तावेज निगम ने किए तलब, दी तल्ख चेतावनी

## ❒ 1987-88 में अधिकारियों को गुमराह कर नाबालिग के नाम कराया था संपत्ति का नामांतरण ❒ आरटीआई के माध्यम से गड़बड़ घोटाले की पोल खुलने के बाद हरकत में निगम प्रशासन

काशीपुर(उद संवाददाता)। नाबालिग के नाम करोड़ों की संपत्ति के नामांतरण के मामले में आरटीआई के माध्यम से मामला प्रकाश में आने के बाद निगम प्रशासन हरकत में आ गया है। इस मामले में सहायक नगर आयुक्त ने मोहल्ला गंज निवासी वरुण कुमार पुत्र उमेश कुमार को नोटिस भेजकर नामांतरण आवेदन के समय प्रस्तुत किए गए समस्त अभिलेखों को कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। सहायक नगर आयुक्त ने भेजी नोटिस में साफ किया कि समयावधि के भीतर अभिलेख प्रस्तुत ना किए जाने की दशा में नामांतरण से पूर्व की स्थिति अंकित करने की कार्यवाही की जाएगी। ज्ञातव्य है कि रतन सिनेमा रोड स्थित मोहल्ला गंज निवासी उमेश गुप्ता पुत्र सुखनंदन प्रसाद की रतन रोड पर कई दुकानें हैं जिसका वह पिछले कई वर्षों से किराया वसूल कर रहे हैं। अधिवक्ता हेमंत प्रकाश ने आरटीआई के माध्यम से जब इस मामले में सूचनाएं मांगी तो कई चौंकाने वाली बातें प्रकाश में आई। श्री ब्रदर्स नामक प्रतिष्ठान के स्वामी उमेश गुप्ता ने फर्जी दस्तावेजों के सहारे अधिकारियों को गुमराह कर 1987-88 संपत्ति अपने एक वर्षीय पुत्र वरुण को नामांतरित करा दिया। इतना ही नहीं वरन वर्ष 2013 में सिविल कोर्ट काशीपुर को गुमराह करते हुए उक्त संपत्ति का सह स्वामी बताकर संपत्ति के बंटवारे हेतु डिक्री हासिल कर ली। 2013 की 7 अगस्त को न्यायालय ने सुनवाई के दौरान वरुण गुप्ता को संपत्ति का एकल स्वामी घोषित कर दिया। इस दौरान साक्ष्य के रूप में नगर पालिका के हाउस टैक्स की मात्र रसीद लगाई गई। संपूर्ण प्रकरण में भारी गड़बड़ घोटाला प्रकाश में आने के बाद नगर पालिका के अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लिया है। इसी क्रम में मोहल्ला गंज निवासी वरुण कुमार को सहायक नगर आयुक्त द्वारा नोटिस भेजकर नामांतरण संबंधी दस्तावेज तलब किए गए हैं। दस्तावेज समय पर प्रस्तुत न करने की स्थिति में नामांतरण से पूर्व की स्थित को निगम प्रशासन यथावत मानने के लिए विवश है। इस मामले में जब मोबाइल फोन पर सहायक नगर आयुक्त से संपर्क किया तो उन्होंने खुद को और देहरादून स्थित एक मीटिंग में बताया इसके उपरांत जब नामांतरण बाबू सुरेश बेदी से फोन पर संपर्क साधा गया तो श्री बेदी ने बताया कि तीन-चार दिन पूर्व नगर निगम द्वारा वरुण गुप्ता को नोटिस भेजी गई थी लेकिन वरुण गुप्ता घर पर मौजूद नहीं थे। उनके परिवार वालों ने नोटिस रिसीव नहीं किया। सुरेश बेदी ने बताया कि उक्त नोटिस सोमवार को दोबारा प्रेषित की जा रही है।

# नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का किया स्वागत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।उत्तर प्रदेश लोकतन्त्र सेनानी संघ के महासचिव एडवोकेट सुभाष छाबड़ा ने नगर की आवासीय सोसायटी के चुनाव में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों अध्यक्ष आनंद नेगी सचिव अभिनव छाबड़ा, उपाध्यक्ष राकेश चौहान तथा कोषाध्यक्ष गुरविन्दर सिंह तथा कार्यकारिणी सदस्यों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की है कि वे सोसायटी के विकास के लिए बेहतर प्रयास करेंगे और सोसायटी को एक



आदर्श सोसायटी के रूप में स्थापित करेंगे बधाई देने वालों में रवींद्रनाथ पांडेय, ललितनन्दन बिष्ट , शेखर जुयाल ,अंकित नरूला नरेंद्र सिंह भंडारी, पार्थ छाबड़ा , उमेश शर्मा , डॉ दिलीप राडिया , जगदीश छाबड़ा ,डी सी चहल, यशपाल अरोड़ा , जिला उपभोक्ता फोरम की पूर्व सदस्य नीरूछाबड़ा , अभिषेकगोयल ,मोहित कक्कड़ , गुरुचरण सिंह पपनेजा ,जसविंदरसिंह खरबंदा, हरजी गुम्बर, अशोक गुम्बर, विनोदभुसरी , अशोक गुम्बर,विनय मिश्रा तथा नीरज त्यागी ने भी नए पदाधिकारियों को बधाई दी है।

# पुण्य तिथि पर चन्द्रशेखर आजाद को किया नमन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। कर परामर्शदाता नरेश कुमार सेठ के कार्यालय पर आयोजित एक सभा में मां भारती के वीर सपूरत चन्द्रशेखर आजाद की पुण्य तिथि श्रद्धा के साथ मनई गयी। इस अवसर पर चन्द्रशेखर आजाद को नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर व्यापार मण्डल के सरपरस्त जगदीश छाबड़ा ने कहा कि चन्द्रशेखर आजाद ने देश की आजादी में अपना अहम योगदान दिया था। उनके योगदान को कभी भुलाया नजहीं जा सकता। देश को अपने इस सच्चे वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पर हमेशा गर्व रहेगा। इस अवसर पर मनोहर लाल मिगलानी, सुरेश मदान, राजीव गगनेजा, राजकुमार सीकरी, ईशान सेठ, मान सिंह ग्रोवर, अशोक चोपड़ा, प्रेम ठक्कर, बॉबी टुटेजा, नरेश कुमार सेठ, गुरमीत सिंह चुघ, कवलजीत सिंह बठला, विजय मिड्ढा आदि मौजूद थे।

# बरेली से नकली घी बेचने आये व्यक्ति को व्यापारियों ने दबोचा

## अधिकारियों के आने से पहले ही चंगुल से भागा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। गत सायं नगर की सब्जी मंडी में प्रतिष्ठित कम्पनी के नाम से नकली घी बेचने आये बरेली के एक व्यक्ति को व्यापारियों ने दबोच लिया। साथ ही इसकी सूचना कम्पनी के स्थानीय वितरक और खाद्य विभाग को दी। जब तक अधिकारी मौके पर पहुंचते वह व्यक्ति चकमा देकर मौके से भागने में कामयाब हो गया। गौरतलब है कि होली के पर्व के चलते बाजार में नकली खाद्य पदार्थों की बिक्री व खरीद बढ़ जाती है। इसका फायदा नकली खाद्य पदार्थों का कारोबार करने वाले भरपूर उठाते हैं। गत दिवस सब्जी मंडी में घी का कारोबार करने वाला बरेली निवासी एक व्यक्ति पहुंचा और उसने एक प्रतिष्ठित कम्पनी अमूल के घी का नमूना दिखाया। घी के दाम बताने पर दुर्गा किराना स्टोर के स्वामी अनुज छावड़ा को जब उस व्यक्ति पर संदेह हुआ तो उसने उसे दुकान पर बैठाकर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा को मौके पर बुलवा लिया। उस व्यक्ति ने अपना नाम श्याम गुप्ता बताया। मामले की जानकारी मिलने पर वहां कई व्यापारी एकत्रित हो गये। संजय ने पुलिस व खाद्य विभाग के अधिकारियों को मामले से अवगत कराते हुए मौके पर आने का आग्रह किया। साथ ही कम्पनी के स्थानीय वितरक हरीश घई को भी बुलवा लिया गया। जिन्होंने लाये गये घी के बैच नम्बर, उत्पादन सहित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए जब व्यापारी आपस में बातचीत कर रहे थे इसी दौरान वह सबसे नजरें बचाते हुए मौके से भागने में कामयाब हो गया। इधर मामले की जानकारी



दूसरी जानकारियों के लिए डिब्बे पर लगे क्यूआर कोड़ को स्कैन किया तो कोई जानकारी निकल कर सामने नहीं आई। जिसके बाद व्यापारियों का शक पूरी तरह से सही साबित हो गया कि घी नकली है। नकली घी बेचने आये मिलने के बाद खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशालता आर्या ने मौके पर पहुंचकर पकड़े गये व्यक्ति के बारे में पूछा तो पता चला कि वह भाग गया है। उन्होंने मौके से बेचने के लिए लाये गये कुछ डिब्बे अपने कब्जे में ले लिये।

# पत्नी से मारपीट पर बैंक कर्मी को हिरासत में लिया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। घर में पत्नी से मारपीट और अभद्रता करने की शिकायत पर पुलिस ने एक बैंक कर्मी को हिरासत में ले लिया। विवाहिता का आरोप है कि पति के साथ आये दोस्तों ने भी उसके साथ अभद्र व्यवहार किया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। जानकारी के मुताबिक न्यू जैन कालोनी में विवाहिता ज्योति ने 112 पर सूचना दी कि उसके साथ पति और ससुराल वाले गलत व्यवहार और मारपीट कर रहे हैं। जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर महिला के पति कुशाग्र को हिरासत में ले लिया। मामले में महिला ने पुलिस को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को दी गयी शिकायत में न्यू जैन कालोनी निवासी ज्योति वर्मा ने कहा है कि उसके ससुराल वालों का व्यवहार उसके साथ अच्छा नहीं है उसे आये दिन प्रताड़ित किया जाता है। रविवार रात को भी उसके साथ गलत व्यवहार किया जा रहा था जिस पर उसने 112 पर फोन कर दिया। जिससे नाराज होकर पति कुशाग्र ने अपने दो दोस्तों को घर पर बुला लिया। ज्योति का आरोप है कि पति के सामने ही पति के दोस्त ने उसके साथ अभद्र व्यवहार किया और उस पर हाथ उठाया। महिला का कहना है कि पूर्व में भी पति के सामने ही उसका दोस्त उसके साथ गलत व्यवहार कर चुका है उसकी नीयत शुरू से ही खराब है। महिला का कहना है पूरा वाकया घर के सीसी टीवी कैमरें में भी कैद हुआ है। बता दें महिला का पति रामपुर में एक बैंक में कार्यरत है। पूर्व में वह रूद्रपुर शाखा में कार्यरत था। इससे पहले भी विवाहिता ने पति और ससुराल वालों के खिलाफ पुलिस में शिकायत की थी और पति सहित ससुराल वालों पर दहेज की खातिर प्रताड़ित करने, जान से मारने का प्रयास करने और घर से निकालने का आरोप लगाया था। लेकिन बाद में पंचायत में दोनों पक्षों की सहमति के बाद विवाहित पुन: ससुराल लौट आयी थी।

# टनकपुर-बागेश्वर रेल मार्ग संघर्ष समिति का प्रदर्शन

बागेश्वर (उद संवाददाता)। टनकपुर-बागेश्वर रेल मार्ग संघर्ष समिति रेल लाइन निर्माण के लिए मुखर हो गई है, वर्षों पुरानी मांग भाजपा शासन में पूरी होने की संघर्ष समिति के लोगों को आशा थी, रेल संघर्ष समिति रेल लाइन निर्माण होने तक आंदोलन जारी रखेगी,बजट में सर्वे बजट जारी होने के बाद भी अब तक टेंडर नही करवाने पर नाराजगी जताई, कर योजना का बागेश्वर रेल लाने के लिए प्रदर्शन किया। यहां आयोजित सभा में केंद्र सरकार पर उपेक्षा का आरोप लगाया। बागेश्वर रेल पहुंचाने का वादा सरकार लागातार कर रही है, लेकिन बजट स्वीकृत करने में लेट लतीफी कर रही है। इससे यहां का विकास ठप हो रहा है।अध्यक्षता करते हुए नीमा दफौटी ने कहा कि रेल लाइन निर्माण में केंद्र सरकार द्वारा जल्द रेल लाइन के निर्माण का आश्वासन दिया गया था,सर्वे के लिए बजट जारी कर दिया है यदि रेल लाइन निर्माण के लिए बजट जारी हो जाता तो पहाड़ का विकास भी होता,देश के सभी पहाड़ी राज्यों में रेल लाइन बन गई है जबकि बागेश्वर रेल लाइन निर्माण की बुनियाद अंग्रेजी




शासनकाल में ही रख दी गई थी, उसके बाद आजादी के बाद पहाड़ में रेल लाइन आने का लोगों को इंतजार है, वक्ताओं ने जल्द बजट स्वीकृत नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। इस मौके पर प्रवक्ता हयात सिंह मेहता, गीता रावल, डा़ प्रताप सिंह गढ़िया,लक्ष्मी धर्मशक्तू, बंशीधर जोशी,शोबन सिंह सुगड़ा,प्रवीण सिंह दफौटी,चरण सिंह बघरी,दीवान सिंह दानू,महेंद्र सिंह,अर्जुन देव,केशवानन्द जोशी आदि मौजूद रहे।

# व्यापारियों ने विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा

बागेश्वर(उद संवाददाता)।नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष कवि जोशी की अध्यक्षता में व्यापार मंडल की बैठक हुई। बागनाथ मंदिर में आयोजित बैठक में व्यापारियों ने विभिन्न मुद्दों पर रायसुमारी कर व्यापारियों के हितों के लिए एकजुट होकर कार्य करने का निर्णय लिया,बैठक में चुनाव में हुए पूरे खर्च का विवरण जिला संगठन द्वारा नगर व्यापार मंडल को देने, यूजर चार्ज व तहबाजारी पर नगरपालिका द्वारा जबदस्ती व्यापारियों को धमकाया व नोटिस दिया जा रहा है जिस पर व्यापक जन आंदोलन,जल्द ही नगर पालिका का घेराव करने,पांच मार्च को 11 बजे से बाबा बागनाथ मंदिर में होली महोत्सव का आयोजन करने, नए व्यापारियों की सदस्यता वार्षिक अस्थाई सदस्यता शुल्क 500 व स्थाई सदस्यता शुल्क 1000 रखा गया है,नई दुकान खोलने से पहले नगर व्यापार संघ में अपना रजिस्ट्रेशन अनिवार्य रूप से स्वयं करवाए जाने अन्यथा विलम्ब शुल्क दुगना देना होगा,नगर क्षेत्र में बाहरी व्यापारी द्वारा फेरी पर प्रतिबंध पूर्व की ही तरह लागू रहेगा।बाहरी व्यक्ति को फेरी लगाते हुए मिलने पर पहली बार में 200 दूसरी बार में 500 तीसरी बार में 1000 की एक दिवसीय अस्थाई सदस्यता वसूलने पर आम सहमति बनी,सटरिंग यूनियन बागेश्वर के साथ बैठक कर बाहरी सटरिंग वालों से शुल्क वसूलने का निर्णय हुआ।बैठक में व्यापार मंडल सचिव पुष्कर किरमोलिया राहुल साह सहसचिव जगदीश कार्की कोषाध्यक्ष, मनीष जखवाल प्रदेश मंत्री, राजेंद्र परिहार चुनाव प्रभारी,नवीन साह प्रदेश कार्यकारणी सदस्य,उमेश साह जिला सरक्षक,विपिन लाल साह नगर संरक्षक, मयंक साह,तिलक तिवारी, रोहित पंत, नवीन साह,दीपक जोशी,चंदन कोरंगा, अतुल मराठा,संजय किशोर वर्मा, मोहम्मद हसीब,उदित रस्तोगी, सोनू चौधरी, पुस्कर जोशी, रमेश रस्तोगी, प्रशांत रस्तोगी, अर्जुन कोडक किशन राम, ललित मोहन तिवारी,जगदीश पांडे, आदि मौजूद रहे।






# सुशील गावा सैकड़ों समर्थकों सहित भाजपा में शामिल

## जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, विधायक शिव अरोरा, मेयर रामपाल सिंह सहित पार्टी के अन्य नेताओं ने किया गावा का जोरदार स्वागत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। होली से पहले कांग्रेस को भाजपा ने बड़ा झटका दिया है। रूद्रपुर के कांग्रेस नेता सुशील गाबा ने अपने तीन सौ से अधिक समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थाम लिया। कांग्रेस पार्टी में विभिन्न दायित्वों पर काम कर चुके सुशील गाबा ने समर्थकों के साथ विधायक शिव अरोरा की मौजूदगी में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मुख्य बाजार में शक्ति प्रदर्शन कर अपने समर्थकों के साथ सुशील गावा कार्यक्रम स्थल भगत सिंह चौक पहुँचे। यहां सुशील गाबा का जिला अध्यक्ष कमल जिंदल ने पटका पहनकर भाजपा में स्वागत किया साथ ही विधायक शिव अरोरा, मेयर रामपाल सिंह सहित पार्टी के अन्य नेताओं ने भी सुशील गावा का स्वागत बड़ी माला पहनाकर किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सुशील गावा के अनुभव का लाभ पार्टी को मिलेगा। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस अपनी अंतिम पड़ाव में है और चारो ओर युवा भाजपा में शामिल हो रहे हैं इसी क्रम में कांग्रेस के तेजतर्रार और जुझारू नेता सुशील गाबा का भी कांग्रेस से मोह भंग हो गया और भाजपा में शामिल हो गये। इस अवसर पर सुशील गाबा ने कहा कि कांग्रेस डूबता हुआ जहाज है और देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था बन चुका है तो वही एक के बाद एक कड़े निर्णय लेने वाले प्रदेश के धाकड़ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हाल ही में युवाओं के लिये लाये गये नकल विरोधी कानून एव नये रुद्रपुर के संकल्प के साथ लगातार विकास कार्यो को आगे बढ़ा रहे ऊर्जावान विजनरी विधायक शिव अरोरा की




कार्यशैली से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि वह प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री धामी की विकास परक और जनकल्याणकारी नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का हर संभव प्रयास करेंगे। इस दौरान प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, अमित नारंग, शालनी बोरा, सोनू अनेजा, धीरेश गुप्ता, सुनील ठुकराल समेत तमाम भाजपाई थे। सुशील गावा के साथ भाजपा में शामिल होने वालों में मोमेन्द्र सिंह, अजय राजपूत, हरविन्दर अरोरा, अखिलेश गंगवार, राजदीप बठला, हैप्पी रंधावा, दिग्विजय चौहान, विजय रावत, शिवम गंगवार, राकेश चौघरी, धनबीर राणा, अमन अरोरा, अमित साहनी, पवन गंगवार, राजू पाण्डेय, रवि पाण्डेय, गौरव इंजीनियर, मेहबूब, मनोज शर्मा, रामअवतार राजपूत, राजकुमार बठला, राजू मिगलानी, आर्यन गुप्ता, आशु कक्कड, मोहसिन भाई, अमित हालदार, कमल कटारिया,संजय पाण्डेय, रविन्द्र मलिक, अखिलेष गुप्ता, बलविन्दर सिंह, अर्पित ठाकुर, इशू बिष्ट, जतिन साहनी, लकी अग्रवाल, बिट्टू गिरी, दीपक चावला, हरमन सिंह सहित तीन सौ से अधिक लोग शामिल थे।




# रूद्रपुर का बेटा छोटे पर्दे पर मचा रहा धूम

## ☐होनहार युवा रजत सुखीजा ने आठ साल की उम्र में रामलीला से की थी अभिनय की शुरूआत
## ☐अब टीवी सीरियल महानायक भीमराव अंबेडकर में महिपाल की भूमिका में नजर आ रहे हैं रजत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर के होनहार युवक रजत सुखीजा ने अपनी अभिनय कला के दम पर बड़ा मुकाम हासिल कर शहर का नाम रोशन किया है। आठ साल की उम्र में रामलीला मंच से अभिनय की शुरूआत करने वाले रजत सुखीजा छोटे पर्दे पर धूम मचा रहे हैं। कई टीवी सीरियलों में काम कर चुके रजत इन दिनों चर्चित टीवी सीरियल महानायक डा. भीमराव अम्बेडकर में महिपाल की भूमिका में नजर आ रहे हैं। रजत का सपना आगे चलकर बड़े पर्दे पर पर काम करना है जिसके लिए वह कड़ी मेहनत कर रहे हैं। बता दें होनहार रजत सुखीजा शहर के समाजसेवी एवं सब्जी मण्डी स्थित जनरल स्टोर के स्वामी मुलख राज सुखीजा के छोटे भाई नगर निगम के ठेकेदार किशन सुखीजा के पुत्र हैं। पिछले डेढ़ साल में उन्होंने माया नगरी मुम्बई में रहकर कई नामी गिरामी ब्रांड्स के साथ काम करके अपनी अलग पहचान बनायी है। रजत ने इंटर तक की पढ़ाई रेनबो पब्लिक स्कूल में हासिल की। आठ साल की उम्र में ही उन्होंने रामलीला में अभिनय शुरू कर दिया था। इंदिरा कालोनी में होने वाली रामलीला में उन्होंने कई किरदार निभाये। इंटर के बाद उन्होंने दिल्ली का रूख किया और रास थिएटर ग्रुप में गजराज नागर की देख रेख में ढाई साल तक थिएटर किया। साथ ही नाट्य मंच



के साथ ही उन्होंने काम किया। इसके बाद देश की दूसरी सबसे बड़ी नाट्य अकादमी भारतेन्दु नाट्य अकादमी लखनऊ में उन्होंने एडमिशन लिया यहां हर साल पूरे भारत से बीस बच्चों का ही सलेक्शन किया जाता है। अभिनय कला के गुर सीखने के बाद रजत ने मायानगरी मुम्बई की ओर रूख किया। वहां उन्होंने पिछले डेढ़ साल में सैमसंग, बेयर्डो, टेस्टबुक, एम स्टोक के विज्ञापन के लिए काम किया साथ ही ब्लर फिल्म में भी काम किया। रजत ने आने वाले प्रोजेक्ट्स टीसी रीज की फिल्म द लेडी किलर , वूट की सीरिज अप-65, आर्ट फिल्म डियर लतिका में भी काम किया है। फिलहाल रजत एण्ड टीवी पर प्रसारित होने वाले सीरियल 'एक महानायक डॉ भीमराव अम्बेडकर में महिपाल की भूमिका निभा रहे हैं। इस धारावाहिक में रजत का नेगेटिव करेक्टर है। जिसमें वह एक ज्योतिष की भूमिका निभा रहे हैं। रजत आगे चलकर बॉलीवुड में काम करके रूद्रपुर का नाम रोशन करना चाहते हैं। इसके लिए वह डटकर मेहनत कर रहे हैं। रजत का कहना है कि वह आगे दिलचस्प किरदार करना चाहते हैं। बचपन में सबाके टीवी और बड़ी स्क्रीन पर देखा और आज जब खुद को देखते हैं तो महसूस करते हैं कि सपने के नजदीक पहुंच रहे हैं। रजत का कहना है कि उनका सपना इस इंडस्ट्री में अच्छा काम और उंचा नाम बनाना है। आंखों में बड़े बड़े सपने हैं उन्हें पूरा करना है और रूद्रपुर शहर को भी गौरवान्वित करना है। रजत का कहना है कि इस मुकाम तक पहुंचने में उनके गुरूजनों के साथ ही परिवार का आशीर्वाद रहा है। परिवार उनके साथ हर कदम पर खड़ा रहा है। सभी के आशीर्वाद से वह हर मुकाम को हासिल करेंगे।







# आनन्द अध्यक्ष व अभिनव सचिव निर्वाचित

## ओमैक्स रिवेरा कालोनी कार्यकारिणी का चुनाव सम्पन्न









रूद्रपुर(उद संवाददाता)। नैनीताल मार्ग स्थित औमेक्स रिवेरा रेजीडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन कार्यकारिणी के गत दिवस हुए चुनाव में मतदान के पश्चात देर सायं मतगणना के बाद चुनाव परिणाम की घोषणा कर दी गई। जिसमें आनन्द नेगी अध्यक्ष, राकेश चौहान उपाध्यक्ष, अभिनव छावड़ा सचिव, गुरविन्दर सिंह कोषाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किये गये। इसके अतिरिक्त सात कार्यकारिणी सदस्यों का भी निर्वाचन किया गया। चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद सभी निर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। इससे पूर्व चुनाव अधिकारी विशाल खेड़ा, श्रीकर सिन्हा, चिराग माथुर, रमेश जोशी व दीपक सहगल की देखरेख में भारी सुरक्षा बल तथा सीसीटीवी की निगहवानी में प्रातः सात बजे से मतदान प्रारम्भ हुआ। निर्धारित समय में कुल 1296 मतदाताओं में से 612 ने ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सायं चार बजे से मतगणना प्रारम्भ हुई। जिसमें अध्यक्ष पद के प्रत्याशी आनन्द नेगी को 364 व नीरज त्यागी को 241 मत मिले। उपाध्यक्ष पद पर चुने गये राकेश चौहान को 407 तथा अरूणा सिंह को 197 मत हासिल हुए। सचिव पद पर अभिनव छावड़ा को 305 व अभिषेक अग्रवाल को 296 मत मिले। कोषाध्यक्ष पद पर गुरविन्दर सिंह को 303, संजय सिंह को 150 तथा ओपी सिंह को 146 मत मिले। इसके अतिरिक्त गुरप्रीत चिलाना, योगेश लाम्बा, ललित गोयल, अजय अरोरा, गिरीश जोशी, अश्वनी शर्मा व सीए सुनील कार्यकारिणी सदस्य के रूप में निर्वाचित घोषित किये गये। चुनाव परिणाम घोषित होते ही निर्वाचित पदाधिकारियों का ढ़ोल नगाड़ों के साथ माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। चुनाव अधिकारियों ने सभी कालोनी वासियों का शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने में सहयोग देने पर आभार व्यक्त किया।








# आठ वर्षीय प्रियल ने कार्ट व्हील में बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आठ साल की प्रियल साहू ने छोटी उम्र में बड़ा कारनामा कर दिया है। प्रियल साहू ने मिटन में 60 कार्ट व्हील कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया दिया है। हल्द्वानी के निजी बैंकट हॉल में उसके लिए भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के तमाम गणमान्य जन शामिल हुये।




गोल्डन बुक ऑफ रिकॉर्ड के प्रतिनिधि आलोक कुमार ने प्रियल को प्रोविजन प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि के तौर पर सीआईडी में एसआई मनोज पाल, यूथ कोच अमित सक्सेना, यूथ कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू, शिवसेना नेता रूपेंद्र नागर ने प्रियल की सफलता पर गुलदस्ता भेंट कर उसे उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुये हल्द्वानी शहर के लिये गौरव का पल बताया। इस मौके पर पूर्व प्रधान हेमन्त पाठक, मेवालाल साहू, सावित्री देवी, राजकुमार, दीपू साहू, इन्दु साहू, सुनीता साहू, विनोद साहू आदि सैकड़ो लोगो ने प्रियल की इस सफलता पर हर्ष जताया है।

# राम भक्त सेवा समिति ने आयोजित किया रक्तदान शिविर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राम भक्त सेवा समिति द्वारा एक वेंकट हाल मे रक्त दान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें समिति के कार्यकर्ताओं के साथ साथ अन्य रक्त दाताओ ने सोबन सिंह जीना बेस हॉस्पिटल के कुशल टीम के सहयोग से रक्तदान किया। शिविर में कुल 48 यूनिट रक्तदान किया गया। मुख्य



अतिथि के रूप में मेयर जोगेन्द्रपाल सिंह रोतेला, चम्पा चिलवाल, रविन्द्र बाली, संजीव कुंवर, कार्तिक हर्बोला, नीरज पंत राकेश बगड़वाल मौजूद थे।रक्तदान करने वालों में समिति अध्यक्ष रक्षित चिलवाल, उपाध्यक्ष प्रणय बाली, शिव सांगा , भरत जोशी, आदित्य खत्री, मनोज फुलारा, गौरव वर्मा, दीपक चौहान, हर्षित जोशी, गौरव तिवारी, हर्षित नेगी, अर्जुन कनवर, ध्रुव जोशी, गौरव रावत आदि शामिल रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे हजारों सरकारी कर्मचारी



हल्द्वानी(उद संवाददाता)। पुरानी पेंशन बहाली को लेकर राज्यभर के सरकारी अधिकारी-कर्मचारी और शिक्षकों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। रविवार को हल्द्वानी स्थित वाटिका बैंक्वेट हॉल में नेशनल मूवमेंट ऑफ पेंशन स्कीम संगठन की अगुवाई में करीब तीन हजार कार्मिकों और शिक्षक संघ से जुड़े कर्मियों ने अपना विरोध जताकर सरकार को चेताया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु समेत अन्य राष्ट्रीय, प्रांतीय और जिला पदाधिकारियों ने भाषणों के जरिए जोश भरा। ऐलान किया कि देश के पांच राज्यों की तरह ही उत्तराखंड में भी पुरानी पेंशन बहाली करने के बाद ही दम लिया जाएगा। कर्मियों ने एकजुटता दिखाते हुए कर्मचारियों की एकता को सरकार को दिखाया और मांग पूरी करने की बात कही,राज्य भर से हजारों कर्मी अपनी मांग को लेकर हल्द्वानी में एकत्र हुए, सभा के बाद हजारों कर्मचारियों ने बैंक्वेट हॉल से नैनीताल रोड स्थित शहीद पार्क तक रैली निकालकर ताकत का प्रदर्शन किया।जोरदार नारेबाजी के बीच हजारों की भीड़ देख लोग भी देखते हुए समर्थन देते नजर आए, आज दो अभी दो,पुरानी पेंशन बहाल करो, कर्मचारी एकता जिंदाबाद, हम अपना अधिकार मांगते, अभतते ली अंगड़ाई है आगे और लड़ाई है,कर्मचारियों की सुन न सके जो वो सरकार निकम्मी है के बुलंद नारों से हल्द्वानी की मुख्य सड़क बुलंद रही, इस दौरान जीत सिंह पैन्यूली, मुकेश रतूड़ी,धीरेंद्र पाठक, विवेक पांडे, नवेंदु मठपाल, बागेश्वर से पुरानी पेंशन बहाली मोर्चा के जिलाध्यक्ष नरेंद्र पालनी, कर्षि विभाग, व कर्मचारी शिक्षक संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष केसी मिश्रा,धरम सिंह कोरंगा, राजेन्द्र सिंह,भगवती प्रसाद जोशी केदार सिंह,गोविंद बोरा, मीनाक्षी कीर्ति, रमेश पांडे, मुकेश जोशी, शीतल साह, मनोज जोशी, डॉ. कैलाश टोलिया, जेएस बिष्ट, संगीता जोशी, पुष्कर सिंह भैसोड़ा, हिमांशु जोशी, कन्नु जोशी, मदन बर्तवाल, बीसी शर्मा सहित हजारों कर्मचारी मौजूद रहे।

# समाजसेवी सुभाष गुंबर के परिवार को किया सम्मानित

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर के वरिष्ठ समाजसेवी एवं प्रतिष्ठित फल व्यवसायी एलायंस निवासी सुभाष गुंबर ने अपनी वैवाहिक सालगिरह कुछ अनूठे तरीके से मना कर समाज को नई प्रेरणा दी, उन्होंने अपनी सालगिरह पर अपनी धर्मपत्नी सहित नेत्रदान का संकल्प लिया, वही माता पिता से प्रेरित होकर



उनके दोनो पुत्रों एवम बहुओं ने भी नेत्रदान का संकल्प लिया। सुभाष कुमार के परिवार की ऐसी पहल की सर्वत्र सराहना की जा रही है उन्होंने कहा सभी लोगों को नेत्रदान संकल्प के लिए आगे आना चाहिए ताकि देश में नेत्रहीनों की बढ़ती संख्या पर रोक लगाकर कई लोगों को रोशनी दी जा सकती है। इस दौरान सोचो डिफरेंट संस्था के संस्थापक विकास भुसरी एवम संदीप चावला ने पूरे गुंबर परिवार को बधाई दी एवम उनकी नेक पहल की सराहना की।

# टी-20 मैच में आईएमए काशीपुर ने कॉर्बेट राउंड टेबल क्लब को 73 रनों से हराया

## हिटमैन डॉ. रवि सहोता को मिला मैन ऑफ द मैच अवार्ड

काशीपुर(उद संवाददाता)। रामनगर रोड स्थित हाईलेंडर क्रिकेट अकादमी के मैदान में बीते कल रविवार को आईएमए काशीपुर और कॉर्बेट राउंड टेबल क्लब के बीच मैत्रीपूर्ण टी-20 मैच का आयोजन किया गया। लगभग एक तरफा हुए इस मैच में आईएमए की टीम ने कॉर्बेट राउंड टेबल क्लब को 73 रनों से हरा कर मैच जीत लिया। कॉर्बेट राउंड टेबल क्लब के कप्तान कुशाग्र मेहरोत्रा ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। डॉ. गुरपाल की कप्तानी में पहले खेतले हुए आईएमए की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में डॉ. रवि सहोता की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की बदौलत 207 रन बनाये। डॉ. रवि सहोता ने 32 गेंदों पर 8 चोको और एक छक्के की मदद से 51 रन बनाए। जबकि डॉ. शत्रुंजय शर्मा ने 31, डॉ. संतोष ने 20 और डॉ. गुरपाल सहोता ने 16 रनों के योगदान दिया। जबकि सिद्धार्थ सिंघल ने कॉर्बेट राउंड टेबल क्लब की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवरों में 42 रन देते हुते 3 विकेट लिए। विशाल और राहुल ने दो-दो और कुशाग्र ने 1 विकेट लिया। जबकि 2 खिलाड़ी रन आउट हुए। वहीं 207 रनों के पीछा करते हुए की कॉर्बेट राउंड टेबल क्लब की टीम निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर मात्र 134 रन ही बना पाई। कुशाग्र ने 13, विवुध ने 12, विशाल ने 11, अंश ने ने 20 रन बनाये। वहीं प्रतीक ने बेहद धीमी बल्लेबाजी करते हुए 38 गेंदों में एक चौके की मदद से मात्र 18 रन बनाए। वहीं आईएमए काशीपुर के गेंदबाज डॉ. गौरव और डॉ. नागेंद्र ने दो-दो और डॉ. शत्रुंजन शर्मा, डॉ. संकल्प, डॉ. विकास और डॉ. सुभाष में एक-एक विकेट लिए। बेस्ट बॉलर का अवार्ड सिद्धार्थ सिंघल को, बेस्ट बल्लेबाज का अवार्ड डॉ. शत्रुंजय शर्मा की दिया गया। जबकि मैन ऑफ द मैच का अवार्ड आईएमए के हिटमैन बल्लेबाज डॉ. रवि सहोता को दिया गया। अप्पायरिंग रितिका और अंकिता धामी द्वारा की गई।



# डंपर की टक्कर से बालक की मौत



गदरपुर(उद संवाददाता)। हाईवे पर तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आने मासूम बालक की दद्रनाक मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डंपर चालक को हिरासत में ले लिया। घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा है। घटना रविवार शाम की है। दिनेशपुर फ्लाईओवर के पास डंपर संख्या यूपी25एफटी 2378 ने तेरह वर्षीय बालक को टक्कर मार दी जिससे बालक की मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकरपोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। पुलिस ने मौके से वाहन चालक आरिफ पुत्र इकरार निवासी खजुरिया भोजीपुरा को वाहन सहित गिफ्तार कर लिया।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# अडाणी समूह की मुश्किलें

सर्वोच्च न्यायालय ने हिंडनबर्ग मामले को लेकर संचार माधयमों में परोसी जा रही खबरों पर रोक लगाने संबंधी याचिका को खारिज कर दिया है। याचिकाकर्ता वकील का कहना था कि इस मामले में मीडिया सनसनी फैला रहा है। मगर अदालत ने कहा कि हम मीडिया पर रोक नहीं लगा सकते। समझना मुश्किल नहीं है कि इस याचिका के पीछे याचिकाकर्ता का क्या मकसद था। दरअसल, जबसे हिंडनबर्ग ने अडाणी समूह के गलत तरीके से बाजार में अपनी प्रतिभूतियों की कीमतें बढ़ाने को लेकर तथ्य प्रकाशित किए हैं, तबसे अडाणी समूह की मुश्किलें बढ़ गई हैं। शेयर बाजार में अडाणी समूह की कंपनियों के शेयरों की कीमतें लगातार गिर रही हैं। एक के बाद एक नए खुलासे हो रहे हैं। उसमें पफर्जी कंपनियां खड़ी करके दूसरे देशों के जरिए धनशोधन के तथ्य भी उजागर हुए हैं। इस तरह इन कंपनियों में निवेश की गई भारतीय जीवन बीमा निगम और भारतीय स्टेट बैंक जैसी संस्थाओं की पूंजी को लेकर भी शंकाएं जताई जाने लगी हैं। एलआइसी और एसबीआइ में चूंकि देश के आम निवेशकों का पैसा जमा है और वही इन कंपनियों के शेयरों में लगाया गया है, इसलिए देश के करोड़ों निवेशकों की चिंता गहरी होती गई है। स्वाभाविक ही अडाणी समूह के शेयरों के गिरने और उनकी कंपनियों में हुए पफर्जीवाड़े, अनियमितताओं आदि को लेकर विपक्ष हमलावर है और सरकार से सवाल कर रहा है। मीडिया उन तमाम पहलुओं की जानकारी परोस रहा है। याचिकाकर्ता की मंशा स्पष्ट है कि उसने मीडिया पर रोक लगाने की मांग ही इसलिए की थी ताकि अडाणी समूह से जुड़ी सूचनाएं आम निवेशकों तक न पहुंच पाएं और वह बदनामी से बच सके।मगर सर्वोच्च न्यायालय इन खबरों पर रोक लगा कर संवैधानिक तकाजे को मटियामेट नहीं कर सकता था। वह मांग ही बेतुकी थी। आखिर देश की अर्थव्यवस्था से जुड़ी किसी बड़ी घटना की सूचना नागरिकों तक पहुंचाने से किसी को क्यों रोका जाना चाहिए? मगर अडाणी समूह के पैरोकार शुरू से इस कोशिश में लगे रहे हैं कि किसी तरह कंपनी की साख को बचा लिया जाए, मगर वह संभव नहीं हो सका, तो खबरों पर रोक लगाने की याचिका ही दायर कर दी।सर्वोच्च न्यायालय इस मामले को लेकर कापफी गंभीर है। इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि जब सरकार ने बंद लिपफापफे में इस मामले की जांच के लिए प्रस्तावित समिति के सदस्यों के नाम दिए तो सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि वह इस मामले में पारदर्शिता चाहता है। वह बंद लिपफापफे में दिए गए नामों के बजाय खुद समिति के सदस्यों का चुनाव करेगा।दरअसल, यह मामला गलत तरीके से धन जमा करने और आम निवेशकों के साथ धोखाधड़ी करके अपनी संपत्ति बढ़ाने से जुड़ा है। इसके कई गंभीर पक्ष हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन पक्षों के बारे में जानने का हक हर नागरिक को है और यह जानकारी मीडिया ही पहुंचा सकता है। इसलिए सर्वोच्च न्यायालय ने सीधे ऐसी खबरों पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। इस निर्णय से एक नजीर भी बनी है कि जो लोग अनियमितता करके बदनामी से बचने या अपने विरुद्ध आ रही जानकारियों को दबाने का प्रयास करते हैं, उन्हें ऐसा करने से बाज आना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि जल्द ही वह इस मामले पर पफैसला सुनाने वाला है। निस्संदेह सर्वोच्च न्यायालय के इस रुख से लोगों का भरोसा मजबूत हुआ है।

# सही जिंदगी को जीना ही अध्यात्म है: आचार्य प्रशांत

ऋषिकेश(उद संवाददाता)। प्रशांतअद्वैत फाउंडेशन के संस्थापक एवम पूर्व सिविल सेवा अधिकारी आचार्य प्रशांत ने कहा है कि जो सदा, सर्वदा, निर्लेप, निरंजन, निर्विकार है उसे ही शाश्वत सत्य कहते हैं। देहरादून मार्ग पर स्थित होटल होली विवासा में आयोजित वेदांत महोत्सव को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सत्य दो धातुओं से मिलकर बना है सत् और तत। सत का अर्थ यह और तत का अर्थ वह। दोनों ही सत्य है। अहं ब्रह्मास्मि और तत्वमसि। अर्थात मैं ही ब्रह्म हूँ और तुम ही ब्रह्म हो। यह संपूर्ण जगत ब्रह्ममय है। ब्रह्म पूर्ण है। यह जगत् भी पूर्ण है। पूर्ण जगत् की उत्पत्ति पूर्ण ब्रह्म से हुई है। पूर्ण ब्रह्म से पूर्ण जगत् की उत्पत्ति होने पर भी ब्रह्म की पूर्णता में कोई न्यूनता नहीं आती। वह शेष रूप में भी पूर्ण ही रहता है। यही सनातन सत्य है। उन्होंने कहा कि विज्ञान जब प्रत्येक वस्तु, विचार और तत्व का मूल्यांकन करता है तो इस प्रक्रिया में धर्म के अनेक विश्वास और सिद्धांत धराशायी हो जाते हैं। विज्ञान भी सनातन सत्य को पकड़ने में अभी तक कामयाब नहीं हुआ है किंतु वेदांत में उल्लेखित जिस सनातन सत्य की महिमा का वर्णन किया गया है विज्ञान धीरे-धीरे उससे सहमत होता नजर आ रहा है। हमारे ऋषि-मुनियों ने ध्यान और मोक्ष की गहरी अवस्था में ब्रह्म, ब्रह्मांड और आत्मा के रहस्य को



जानकर उसे स्पष्ट तौर पर व्यक्त किया था। वेदों में ही सर्वप्रथम ब्रह्म और ब्रह्मांड के रहस्य पर से पर्दा हटाकर श्मोक्षश की धारणा को प्रतिपादित कर उसके महत्व को समझाया गया था। ऋषियों ने मोक्ष के मार्ग को ही सनातन मार्ग माना है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म के सत्य को जन्म देने वाले अलग-अलग काल में अनेक ऋषि हुए हैं। उक्त ऋषियों को दृष्टा कहा जाता है। अर्थात जिन्होंने सत्य को जैसा देखा, वैसा कहा। इसीलिए सभी ऋषियों की बातों में एकरूपता है। जो उक्त ऋषियों की बातों को नहीं समझ पाते वही उसमें भेद करते हैं। भेद भाषाओं में होता है, अनुवादकों में होता है, संस्कृतियों में होता है, परम्पराओं में होता है, सिद्धांतों में होता है, लेकिन सत्य में नहीं। वेद कहते हैं ईश्वर अजन्मा है। उसे जन्म लेने की आवश्यकता नहीं, उसने कभी जन्म नहीं लिया और वह कभी जन्म नहीं लेगा। ईश्वर तो एक ही है लेकिन देवी-देवता या भगवान अनेक हैं। उस एक को छोड़कर उक्त अनेक के आधार पर नियम, पूजा, तीर्थ आदि कर्मकांड को सनातन धर्म का अंग नहीं माना जाता। यही सनातन सत्य है। सनातन में किस्से कहानियां, कल्पना कहानी नहीं चलती, कबीर साहब जी भी जिस चौथे राम की बात करते हैं वही सनातन है। उन्होंने कहा कि मन को दुख से मुक्ति मिले यही धर्म है, खुद से आजाद होना ही सनातन है।प्रकृति से परे चले जाना ही सनातन धर्म है, मन अगर आत्मा का हो गया तो अमर हो जाएगा। मरना तो निश्चित है लेकिन हम हर रोज मरते हैं। आध्यात्मिक भाषा में मरने का मतलब होता है आशा का टूटना न कि शरीर से मरना सत्य को पाना नहीं है, व्यर्थ को छोड़ना होता है। प्रकृति में अंधविश्वास, कल्पना, कहानी ज्यादा चलते हैं। मुक्ति क्या है यह समझना होगा जब अपना पूर्ण अर्पित कर दिया तब मुक्ति मिलती है। सही जिंदगी जीना ही अध्यात्म है।

# बजाज मोटर्स कर्मकार यूनियन का श्रम विभाग में धरना प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।यूनियन के चुनाव को रजिस्टर करने की मांग को लेकर बजाज मोटर्स कर्मकार यूनियन ने श्रम विभाग में धरना प्रदर्शन किया गया और डी एल सी को ज्ञापन दिया। धरने को सम्बोधित करते हुए श्रमिक संयुक्त मोर्चा अध्यक्ष दिनेश तिवारी ने कहा कि श्रम कार्यालय में मजदूरों के मसले लंबित होना कानून के प्रति बेरुखी का भाव प्रदर्शित करता है। बजाज मोटर्स की यूनियन द्वारा अपने चुनाव परिवर्तन की सूचना के फॉर्म को दिये हुए आठ महीना होने जा रहा है लेकिन तमाम स्पष्टीकरण के बावजूद भी चुनाव दर्ज न करना संदेह पैदा करता है। उन्होंने मांग की कि सामूहिक प्रतिभाग की इच्छा भारतीय संविधान के मूल अधिकार में है। अत: श्रमिकों की इच्छा जोकि कानून सम्मत है के अनुसार रजिस्टर में दर्ज कर लिया जाना चाहिए। अन्यथा कि स्थिति में मूल अधिकार हनन के खिलाफ श्रम विभाग में विशाल प्रदर्शन किया जायेगा। एक्टू प्रदेश महामंत्री कामरेड के। के। बोरा ने कहा धामी सरकार श्रमिकों के प्रति असंवेदनशील हो गई है। इसीलिए



प्रशासनिक मशीनरी भी मजदूरों की यूनियनों के सामान्य मसलों को लंबित कर दे रही है। उन्होंने यूनियन के जे फॉर्म को रजिस्टर करने की मांग की। बजाज मोटर्स कर्मकार यूनियन के अध्यक्ष चंदन मेवाड़ी के कहा कि ट्रेड यूनियन रेगुलेशन की धारा 22-2 स्पष्ट करती है कि ऐसे मजदूर जिनका मालिक से कोर्ट में मामला चल रहा है वे भी यूनियन के पदाधिकारी बन सकते है। फिर भी यूनियन चुनाव को दर्ज न कर श्रमिकों के यूनियन अधिकार को बाधित किया जा रहा है। उन्होंने तत्काल कार्यवाही की माग की है। इंकलाबी मजदूर केन्द्र के नगर सचिव दिनेश भट्ट ने कहा कि श्रम विभाग को पूँजीपतियों की मनमानी का अड्डा नहीं बनना चाहिए। उन्होंने जे फार्म को दर्ज करने की मांग की। अंत में डीएलसी को ज्ञापन दिया गया। कार्यक्रम के उपरोक्त के अलावा भाकपा ( माले) जिला सचिव ललित मटियाली, माइक्रो मैक्स यूनियन से सूरज बोहरा, यूनियन महामंत्री हीरा राठौर, जॉयडस वर्कर्स यूनियन से पूरन भाकूनी और दीपक नयाल,मुकेश जोशी, लोकेश पाठक, नंद लाल यादव, जनक किशोर, अजय यादव, पुष्कर सिंह, रमेश चन्द्र , संजीव कुमार, विनीत मिश्रा, राजेन्द्र सिंह, प्रमोद धोनी, महिपाल सिंह, अनिल तिवारी, गंगा राम, धनंजय कुमार, कैलाश कुमार, मुनीव यादव, मनोज सिंह, रामजीत प्रसाद, रामकोमल यादव, गुड्डू कुमार, दान सिंह आदि दर्जनों साथी उपस्थित रहे।

# चोर एवं चोरी का माल खरीदने वाला कबाडी गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने सूचना मिलने के कुछ घंटों में ही चोर एवं चोरी का माल खरीदने वाले कबाड़ी को माल सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार 26 फरवरी को दीपक चन्द पुत्र तारा चन्द रजवार निवासी शिव मन्दिर गोल्चा कम्पाउण्ड, वार्ड 14, जवाहरनगर द्वारा थाना बनभूलपुरा में रपट दर्ज कराई गई कि 25 फरवरी को रात्रि में उसके घर के बाहर खड़े उसके वाहन संख्या यूके 04 सीबी 5503 पिकप से अज्ञात चोर ने लोहे की 14 प्लेटे कीमती करीब 45000 रुपये चोरी कर ली हैं। संजीत राठौड़ प्रभारी थानाध्यक्ष द्वारा तत्काल रूप से कार्यवाही करते हुए उक्त चोरी की घटना से संबंधित साक्ष्य एकत्रित कर मुखबिर की सूचना पर रेलवे पटरी खण्डहर के सामने बनभूलपुरा से आरोपी किशन सिंह पुत्र आनन्द सिंह



निवासी राजपुरा टनकपुर रोड रैन बसेरा के पास को चोरी की गयी लोहे की 8 प्लेटों सहित गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने बताया गया कि शेष 6 लोहे की प्लेटे ला.नं. 8 में कबाडी को बेची है। तत्पश्चात पुलिस टीम किशन के साथ ला.नं. 8 में पहुँचकर कबाड के दुकान स्वामी मोहसिन पुत्र हसीन उर्फ हथौडा निवासी गफूर बस्ती को पकड़ कर उसकी दुकान से 6 अदद लोहे की प्लेटों बरामद कर लिया। पुलिस ने बताया कि किशन पूर्व में भी जेल जा चुका है।

# ड्रग फ्री देवभूमि पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय रामगढ़ नैनीताल में एण्टी ड्रग सेल द्वारा उत्तराखण्ड सरकार के ड्रग फ्री देवभूमि अभियान को सफल बनाने हेतु भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय . नशा-युवा वर्ग के लिए अभिशाय रखा गया था। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. एचएस नयाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय में अध्ययनरत 10 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। महाविद्यालय की अर्थशास्त्र विभाग की प्रो. मनीषा तिवारी, डॉ. प्रवेश कुमार एवं डॉ. अक्षय गुरुरानी ने निर्णायक की महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीए द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा उर्मिला ने, बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा यमुना ने द्वितीय स्थान और इसी कक्षा की आरती जोशी



ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रो. मनीषा तिवारी एवं डॉ. अक्षय गुरुरानी ने नशे के दुष्प्रभाओं पर विस्तृत चर्चा की। प्राचार्य ने सभी विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया। इस कार्यक्रम का आयोजन राजनीति विज्ञान विभाग की श्रीमती नीमा पन्त ने किया एवं संचालन डॉ. विजय लक्ष्मी एवं डॉ. राजेश कुमार ने किया। कार्यक्रम में आरपी शाह, कुन्दन गोस्वामी व गणेश बिष्ट आदि उपस्थित रहे।

# वाहनों का फर्जी बीमा लेटर बनाने वाला एजेन्ट गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जसपुर कोतवाली पुलिस ने वाहनों का फर्जी बीमा लेटर तैयार करने वाले तथा कथित एजेंट को लैपटॉप सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार 27 सितम्बर 2019 को आदित्य कुमार ने मोटरसाईकिल संख्या यूके 18 ई 3772 का इंश्यूरेंस कराने के लिए अंकित शर्मा से सम्पर्क किया था। अंकित ने यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लि. की इंश्यूरेंश की कापी आदित्य कुमार को 28 सितम्बर 2019 से 27 सितम्बर 2020 तक बनाकर दी थी। बदले में आदित्य कुमार द्वारा 1006 रुपये अंकित शर्मा को कैश दिये गये थे। 26 जून 2022 को आदित्य कुमार की मोटरसाईकिल से पशुपति फैक्ट्री की तरफ जसपुर में एक बच्चे विपिन कुमार का एक्सीडेंट हो जाने के कारण उस बच्चे की मृत्यू हो गयी थी। जिस प्रकरण को लेकर कोतवाली जसपुर मेंआदित्य कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसके बाद आदित्य कुमार द्वारा उक्त पालिसी को अन्य कागजात के साथ में मुकदमे में जमा कर दिया गया था। परन्तु जब न्यायालय जसपुर के समक्ष बीमा कम्पनी को वेरिफिकेशन के लिए बुलाया गया तो आदित्य कुमार का बीमा फर्जी पाया गया। जिसके बाद न्यायालय के आदेश पर आदित्य कुमार के जीजा भुवन भाष्कर गहलोत की तहरीर के आधार पर मुक्कड़मा पंजीकृत किया गया था। जांच मेंपाया कि दीपक कुमार वर्मा ने अपनी कार यूके 18 ए 0670 का बीमा कराने के लिए 30 मार्च 2022 को अंकित शर्मा से सम्पर्क किया ओर 5850 रुपये अंकित शर्मा को अकाउंट में ट्रांसफर किये गये थे। अंकित शर्मा द्वारा दीपक कुमार वर्मा को फर्जी तरीके से बीमा तैयार करके दिया गया था। ओर कार की बजाय मोटरसाईकिल दिखाकर आनलाईन एस बी आई इंश्यूरेंस पालिसी फर्जी जानकारी के साथ तैयार की गयी थी। इसी प्रकार से अटल बिहारी ने पत्नी कुसुम की मोटरसाईकिल यूके 18 डी 2024 का इंश्युरेंश कराने के लिए 1000 रुपये पेटीएम से अंकित शर्मा को दिये थे। परन्तु अंकित शर्मा द्वारा फर्जी तरीके से तैयार करके अटल बिहारी को दिया गया था। पुलिस ने आरोपी अंकित शर्मा को उसके घर पंजाबी कलोनी से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक लेपटाप व फोन बरामद किया।

# सात बांग्लादेशियों को पांच-पांच साल की कैद

देहरादून। अपर सत्र न्यायाधीश चंद्रमणि राय की अदालत ने अवैध रूप से भारत में रहने (वीजा उल्लंघन) का दोषी मानते हुए सात बांग्लादेशियों को पांच-पांच साल की सजा सुनाई है। इसके अलावा दोषियों पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। वहीं डकैती के दो मामलों में न्यायालय ने सात बांग्लादेशियों समेत आठ को बरी कर दिया। घटना के बाद से सभी दोषी जेल में बंद हैं। बचाव पक्ष के अधिवक्ता आशुतोष गुलाटी ने बताया कि 26 अप्रैल 2017 को साकेत कालोनी निवासी सुमित टंडन के घर पर डकैती हुई थी। हथियारों से लैश बदमाशों ने वहां मौजूद महिलाओं से गहने और नकदी लूट ली। इस मामले में डालनवाला कोतवाली पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। करीब डेढ़ माह बाद 17 जून 2017 को डोईवाला में तक्ष ढौंढियाल के घर पर बदमाशों ने डकैती की घटना को अंजाम दिया। यहां से भी बदमाशों ने गहने और नकदी लूटी थी। डोईवाला कोतवाली पुलिस ने कुछ दिन बाद अपने क्षेत्र में हुई इस डकैती की घटना का पर्दाफाश करते हुए आठ बदमाशों को गिरफ्तार करने का दावा किया। गाजियाबाद से गिरफ्तार बदमाशों में नजरूल, मोनू उर्फ घोलू, दुलाल, आलमगीर, दुलाल, बादल और शौकीर बांग्लादेश मूल के थे। जबकि एक चांद कुरैशी भारतीय निवासी था। इनके पास से डालनवाला कोतवाली क्षेत्र में हुई डकैती में लूटे गए जेवरात भी बरामद करने का पुलिस ने दावा किया। बदमाशों के खिलाफ वीजा उल्लंघन करने पर भी विदेशी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। दोनों मुकदमों में विवेचना पूरी कर करीब दो माह बाद चार्जशीट दाखिल की। बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं ने भी आरोपितों के पक्ष में गवाह पेश किए। दोनों ओर की जिरह सुनने के बाद शनिवार को अदालत ने अपना फैसला सुना दिया। डकैती के आरोप से सभी आठ आरोपितों को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया गया। जबकि अवैध रूप से भारत में रहने के दोष में सात बांग्लादेशियों को सजा सुनाई गई।

# धारचूला और मुनस्यारी के प्रमुख पर्यटन स्थल होंगे विकसित: डीएम

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जनपद में इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य से धारचूला, मुनस्यारी के पर्यटक स्थलों को विकसित किये जाने



के संबंध में जिलाधिकारी रीना जोशी द्वारा कैंप कार्यालय में आला अधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में उन्होंने निर्देशित किया कि धारचूला क्षेत्रांतर्गत प्रमुख पर्यटक स्थलों आदि कैलाश, पार्वती सरोवर, भीम की खेती, ओम पर्वत, नाभीढांग, काली नदी उद्गम स्थल, शेषनाग पर्वत, व्यास गुफा आदि अन्य पर्यटक स्थलों को वहीं दूसरी ओर मुनस्यारी क्षेत्रांतर्गत आने वाले प्रमुख पर्यटक स्थल गरम पानी स्रोत मदकोट, पंचाचुली पर्वत शिखर, खालिया टॉप, छिपलाकेदार, मिलम ग्लेशियर आदि अन्य पर्यटक स्थलों को पर्यटन के लिए विकसित किया जाएगा। जनपद के पर्यटन के क्षेत्र में विकसित होने से जनपद के लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे वही जनपद को पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान भी मिलेगी। जिलाधिकारी ने डीएफओ को पर्यटक स्थलों को इको पर्यटन कलस्टर के रूप में चयनित कर विकसित करने के लिए कहा। जनपद अंतर्गत रिवर राफ्टिंग, पैरलल, साइकिलिंग/माउंटेन बाइकिंग, एंगलिंग, फिशरीज, पैराग्लाइडिंग, कैक्टस रॉक गार्डन, कल्चरल टूरिज्म आदि अन्य क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने की अपार संभावनाएं हैं जिनके माध्यम से जनपद को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित किया जा सकता है। लोकल यूथ को गाइड ट्रेनिंग दी जाएगी जिससे गाइडर के रूप में स्वरोजगार का अवसर प्राप्त होंगे और पलायन रोकने में सहायता मिलेगी। बैठक में सीडीओ वरुण चौधरी, डीएफओ जीवन मोहन दगाड़े, कृषि अधिकारी रितु टम्टा, सीएचओ त्रिलोक राय आदि अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# देवभूमि पत्रकार यूनियन चमोली इकाई का गठन

## दिग्पाल जिलाध्यक्ष, प्रदीप जिला सचिव बने

चमोली(उद संवाददाता)। गौचर में देवभूमि पत्रकार यूनियन (पंजी) उत्तराखंड की जनपद चमोली शाखा की कार्यकारिणी का गठन कर दिग्पाल गुसांईं को जिलाध्यक्ष तथा प्रदीप लखेड़ा को जिला सचिव बनाया गया।पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल राणा की अध्यक्षता में संपन्न हुई देवभूमि पत्रकार यूनियन की बैठक में सर्वप्रथम पुरानी कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा की गई। इसके पश्चात सर्वसम्मति से दिग्पाल गुसांईं को जिलाध्यक्ष बनाया गया। इसी प्रकार प्रदीप लखेड़ा को जिला सचिव,खुशाल सिंह असवाल को उपाध्यक्ष, ललिता प्रसाद लखेड़ा को संरक्षक, देवेंद्र गुसाईं को कोषाध्यक्ष बनाया गया। अरूण मिश्रा को महासचिव, प्रदीप चौहान को संगठन सचिव, सतेन्द्र पुंडीर व संतोष कुंवर को प्रचार मंत्री का दायित्व सौंपा गया। निवर्तमान अध्यक्ष अनिल राणा को प्रदेश कार्यकारिणी के लिए चुना गया।इस अवसर पर पारित प्रस्तावों के अनुसार प्रत्येक तीन माह में कार्यकारिणी की बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया।। कार्यकारिणी के विस्तार पर वल देते हुए शीघ्र नगर व ब्लाक कार्यकारिणी के गठन का भी निर्णय लिया गया। बैठक में तय किया गया कि जो भी



सदस्य गलत गतिविधियों में समलित पाया जाएगा संगठन उसके गलत कार्यों का समर्थन नहीं करेगा। बैठक में यूनियन के संरक्षक ललिता प्रसाद लखेड़ा ने आज की पत्रकारिता पर प्रकाश डालते हुये बताया कि अच्छी पत्रकारिता होगी तभी देश हित के मुद्दे जन्म लेंगे। कार्यक्रम में पत्रकारों के सरोकार विषय पर बोलते हुये जिलाध्यक्ष दिग्पाल गुसाईं ने कहा कि अगर पत्रकारिता स्वस्थ हो तो देश के विकास को नई दिशा मिलती है। कार्यक्रम में पत्रकारों को देवभूमि पत्रकार यूनियन उत्तराखंड का परिचय पत्र भी वितरित किया गया। संरक्षक द्वारा सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है तथा संगठन से उम्मीद की है वह संगठन अन्य साथियों को साथ लेकर पत्रकार हित की लड़ाई लड़ता रहेगा। उधर देवभूमि पत्रकार यूनियन के कुमांऊ प्रभारी अशोक गुलाटी एवं उधम सिंह नगर के जिला महासचिव जगदीश चंद्र ने नई कार्यकारिणी को बधाई दी है।

# पीआरडी जवानों ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

बागेश्वर(उद संवाददाता)। कपकोट के पीआरडी जवान की हत्या पर जिले के अन्य पीआरडी जवानों ने कड़े शब्दों में निंदा की है। पुलिस से जल्द हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग की है। वक्ताओं ने कहा कि दो सप्ताह बाद भी हत्यारे पुलिस की पकड़ में नहीं आ पाए हैं। इस कारण परिवार के लोग चिंतित हैं। इस आशय का एक ज्ञापन एसपी को सौंपा। जिले के जवान रविवार को नुमाईशखेत मैदान में एकत्रित हुए। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि 11 परवरी से लातपा पीआरडी जवान का शव तुपेड़ के जंगल में मिला। दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी जवान की मौत का राज नहीं खुल सका है, जबकि मृतक के भाई राजेंद्र ने हत्या की आशंका जताई है। खुशाल राम ड्यूटी पर तैनात थे। वह परिवार के एकमात्र कमाऊ थे। उनकी मौत के बाद से परिवार के सामने आर्थिक संकट गहरा गया है। उन्होंने पुलिस से हत्यारों



को गिरफ्तार करने तथा मृतक परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है। मांग करने वालो में प्रदीप कुमार, विपिन चंद्र, मोहन चंद्र जोशी, सुरेश चंद्र,गणेश राम,ललित मोहन पंत, नरेंद्र राम,आरडी हितैषी आदि मौजूद रहे। वही एसपी हिमांशु वर्मा3 ने सभी लोगों को बताया कि पुलिस गहनता से मामले की जांच में जुटी हुई है, पुलिस लगातार मामले में सभी कोणों से जांच कर रही हैं, जल्द मामले में घटना या दुर्घटना हुई है इसकी गहनता से जांच कर यदि किसी के द्वारा घटना को अंजाम दिया गया होगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई कराने की बात कही।

# न्यास के अधिवेशन की तैयारियों को लेकर हुआ मंथन

बागेश्वर(उद संवाददाता)।वरिष्ठ नागरिक जन कल्याण न्यास की यहां आयोजित बैठक में संगठन की मजबूती पर बल दिया गया।न्यास के अध्यक्ष रणजीत सिंह बोरा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में न्यास की मजबूती और समाज हित के लिए कार्य करने का निर्णय लिया गया,अध्यक्ष बोरा ने कहा कि सभी वरिष्ठजनों को उनके हितों के कल्याण के लिए



कार्य करना उनकी प्राथमिकता है,साथ ही समय समय पर बिभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन कर संगठित होकर समाज हित के लिए कार्य किया जाएगा, तय किया गया कि न्यास का अधिवेशन 12 मार्च को बागनाथ होटल में तय किया जाएगा,वही अधिवेशन में चुनाव के लिए डिग्री कालेज प्राचार्य को चुनाव प्रभारी बनाए जाने पर सहमति बनी। इस मौके पर दलीप खेतवाल, इंद्र सिंह परिहार, बाला दत्त तिवारी,गोविन्द सिंह भंडारी,हरीश सोनी, केशवानंद जोशी, लक्ष्मण सिंह रौतेला,भवानी राम आगरी, आदि मौजूद रहे।

## पेज एक का शेष...

**शिव ने व्यक्तिगत नही..**लेकिन उन्होंने अपना अभियान नहीं छोड़ा। कोरोना काल में भी गावा मंदिर गरीब लोगों की आर्थिक रूप से खूब मदद की। इसके साथ ही पुलिस कर्मियों के वेतनमान को लेकर भी गाबा ने रुद्रपुर से खटीमा तक पैदल मार्च निकालकर उनकी मांग को पूरा कराने का प्रयास किया। इसके साथ ही रक्तदान में श्री गाबा का महत्वपूर्ण रोल रहता है। पिछले कई सालों से गाबा कई ब्लड कैंप लगा चुके हैं और प्रतिवर्ष ब्लड कैंप लगाते हैं और स्वयं भी रक्तदान करते हैं। जरूरतमंदों की मदद के लिए वह आधी रात को भी खड़े नजर आते हैं ।ऐसे जमीन से जुड़े कर्मठ नेता को पार्टी में लाकर शिव अरोरा ने पार्टी में अपना कदम और मजबूत करने का काम भी किया है। माना जा रहा है कि गावा के भाजपा में आने से आगामी निकाय चुनाव में पार्टी को इसका बड़ा लाभ मिल सकता है वहीं कांग्रेस के लिए इसकी भरपाई करना आसान नहीं होगा।

**प्रदेश की दो महिला..**दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत द्वारा महिलाओं का सम्मान किया जाएगा। भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा जनपद बागेश्वर से सरपंच कविता देवी व देहरादून जिले से सरपंच निकिता चौहान को अपने गांवों को ओडीएफ (खुले में शौच से मुक्त) प्लस मॉडल बनाने की दिशा में उत्कृष्ट कार्य और असाधारण योगदान देने के लिए स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान 2023 के लिए चयनित किया गया है।

**दिल्ली से चुराई...**उन्होंने उसी रात को सेक्टर 4 द्वारिका के पास सर्विस रोड किनारे खड़ा कर दिया जिसपर दोनों ने चुराई गई कार को अल्मोड़ा बेचने का प्लान बनाया । वहीं मौका देख दोनों ही लोग उक्त कार को दिल्ली से अल्मोड़ा बेचने ले जा रहे थे पकड़े गए आरोपियों ने कार चोरी करने की घटना को स्वीकार किया है।इधर पुलिस को जांच करने पर पता चला कि चुराई गई कार बुराड़ी क्षेत्र के डीवेस्ट ग्राउंड फ्लोर केएच 99/24 निवासी बबलू प्रसाद कि पत्नी सीमा देवी के नाम है तथा उसका रजिस्ट्रेशन नोर्थ कालोनी दिल्ली निवासी पिंकी चौधरी के नाम पंजीकृत है तथा उक्त कार 2012 मोंडल की है। पुलिस टीम में मुख्य रूप से हल्दूचौड़ चौकी प्रभारी सोमेन्द्र सिंह, कांस्टेबल तरूण मेहता, आनंदपुरी, सुरेश प्रसाद शामिल रहे।

**खाई में गिरी...**लोगों के सहयोग से खाई से निकालकर उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र धौलादेवी पहुँचाया। जहां घायल का प्राथमिक उपचार करवाया गया और परिजनों को सूचित किया गया।

**सीएम को काले...** के विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष गौरव राणा, युवक कांग्रेस के जिला अधक्ष सनी प्रजापति, सौरभ वर्मा को अपनी हिरासत में ले लिया।गिरफ्तार किए गए कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि वह प्रदेश में नकल विरोधी कानून के विरोध में प्रदेश के मुख्यमंत्री को काले झंडे दिखाने जा रहे थे लेकिन उनकी गिरफ्तारी तानाशाही सरकार की कार्यप्रणाली को सिद्ध कर रही है।

**हाईकोर्ट के फैसले...**हुए 108 कुंतल से अधिक वजन लाने पर उत्तराखंड शासन के आदेश पर फिलहाल रोक लगा दी है। सोमवार को उच्च न्यायालय द्वारा सुनाए गए उक्त फैसले के बाद जहां खनन व्यवसायियों में खुशी की लहर है, वही स्टोन क्रेशर संचालकों को एक बड़ा झटका लगा है।

# व्यापारियों ने डीके पार्क में किया पौधारोपण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मटर गली व्यापारी एसोसिएशन ने डीके पार्क में पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि मौसम के बदलाव के साथ समय पतझड़ का है ग्रीष्मकालीन मौसम के बदलाव को हम सभी को हरियाली के हिसाब से पर्यावरण को देखकर पौधे लगाने चाहिए। साथ ही उनकी देखभाल करनी चाहिए।



घरों के आस–पास खाली पड़ी जमीन पर भी हरियाली के हिसाब से पेड़ पौधे लगाने चाहिए। पेड़ है तो हम हैं का नारा हम सबका है इस मौके पर मटर गली व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष दलजीत सिंह दल्ली, महामंत्री पंकज गुप्ता, उपाध्यक्ष मोइन बाबा, प्रचार सचिव लक्ष्मी नारायण, शाकिर हुसैन, दीपू सागर, प्रेम चौधरी, अतुल गुप्ता, सागर वाष्णेय, मुकुंद गुप्ता, सुरेश रौतेला आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

# सौरव का सैनिक स्कूल घोड़ाखाल के लिए चयन

काफलीगैर(उद संवाददाता)। धुराफाट क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बोहाला



में पड़े छात्र सौरव ने सैनिक स्कूल घोड़ाखाल की परीक्षा उत्तीर्ण की है, राइका बोहाला में छठी कक्षा में पड़ने वाले सौरव को बधाईया देने वालों का तांता लगने लगा है, वही पहली बार क्षेत्र के सरकारी विद्यालय से परीक्षा पास करने वाला पहला छात्र बन गया है, लोगों ने इसके लिए विद्यालय के शिक्षक बंशीधर जोशी को भी बधाईया दी है, उसके चयन होने से ग्राम प्रधान पूरन सिंह,जिपं सदस्य चंदन रावत,क्षेपं सदस्य कुंदन रावत, हरीश मेहता, गोविन्द मेहता आदि ने बधाईया दी है।

# भोपाल से लापता व्यापारी चार दिन बाद नानकमत्ता में मिला

नानकमत्ता(उद संवाददाता)।नगर के एक किराना व्यापारी भोपाल के हमीदिया अस्पताल से अचानक लापता हो गए थे, जो 4 दिन परिजनों की खोजबीन के बाद सही सलामत मिल गए।जानकारी के अनुसार मुख्य चौराहे पर स्थित किराना व्यापारी विशन लाल गोयल भोपाल में स्थित बाबा के आश्रम में गए थे, उनके पुत्र राजेश के मुताबिक इसी दौरान भोपाल में बाइक की टक्कर से वह घायल हो गए थे, इलाज के लिए उन्हें भोपाल के हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसी दौरान 23 फरवरी को 65 वर्षीय किराना व्यापारी विशन लाल गोयल बिना कोई सूचना दिए अस्पताल से



लापता हो गए, सूचना पर उनके स्वजन व पुत्र भोपाल पहुंचे , जहां अस्पताल के सीसीटीवी कैमरे और पुलिस की मदद से उनको खोजने का प्रयास किया, बताया जा रहा है कि किराना व्यापारी अकेले भोपाल गए थे, व्यापारी के स्वजनों ने भोपाल की स्थानीय पुलिस को सूचना दी है,काफी खोजबीन के बाद किराना व्यापारी सही सलामत मिल गए।

# पार्किंग समस्या को लेकर विकास प्राधिकरण हुआ सख्त

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। महानगर में बढ़ती पार्किंग की समस्या को देखते हुए जिला विकास प्राधिकरण ने अब सख्त रुख अपनाना शुरू कर दिया है। जिन शोरूम और कॉम्पलैक्स में पार्किंग नहीं बनाई गई है, उन्हें नोटिस देने की तैयारी चल रही है। साथ ही व्यावसायिक निर्माण कर रहे लोगों से पार्किंग नहीं बनाने पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी जा रही है। सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने बताया कि शहर में ऐसे कई बड़े कॉम्पलैक्स हैं जिन्होंने नक्शे में पार्किंग तो दिखाई है लेकिन धरातल पर पार्किंग की जगह दुकान बनाई हुई हैं। नियमों की अनदेखी करने वाले ऐसे लोगों के खिलाफ अब सख्त रुख अख्तियार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिन लोगों ने पार्किंग नहीं बनाई है, उन्हें नोटिस दिए जा रहे हैं। सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने बताया कि नए व्यावसायिक भवनों का निर्माण कर रहे लोगों को भी हिदायत दी है कि वह बेसमेंट में दुकानें न बनाकर वहां पार्किंग बनाए ताकि लोगों को असुविधा का सामना न करना पड़े। साथ ही उन्होंने चेतावनी भी दी है कि अगर व्यावसायिक भवनों में पार्किंग का निर्माण नहीं किया गया तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# कोलम्बस स्कूल के वार्षिक खेल दिवस में बच्चों ने मचाया धमाल

## स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निर्माण होता हैः डॉ. जैन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर के प्रतिष्ठित कोलम्बस पब्लिक स्कूल के प्रांगण में विद्यालय के प्री-प्राइमरी विंग के वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के नर्सरी व के0जी0 कक्षाओं के नन्हें-मुन्नों ने विभिन्न मनोरंजक स्पोर्टस गतिविधियोंमें प्रतिभाग कर अपना हुनर व दमखम दिखाया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रबंधन के सदस्यों व बतौर मुख्य अतिथि पधारे डॉ0 शुभम संदेश जैन द्वारा गुब्बारे उड़ाकर किया गया, इसके बाद वाद्य बैंड और मशाल रिले के साथ मार्च-पास्ट कर कार्यक्रम को गति प्रदान की गई। तत्पश्चात प्री-प्राइमरी विंग के बच्चों के बीच विभिन्न खेलकूदों की प्रतिस्पर्धा आयोजित हुई। जिसमें फन रेस, ड्रिल, एरोबिक्स, टग ऑफ वार आदि रोचक खेल शामिल रहे। कक्षा नर्सरी के नन्हें-मुन्नों ने बनी कैरट व हुपला, एल0के0जी0 ने ड्रिल व फन रेस तथा यू0के0जी0 के बच्चों ने एरोबिक्स व रस्साकशी का शानदार प्रदर्शन किया। विभिन्न खेलों में छोटे बच्चों के अद्भुत करतबों ने उपस्थित दर्शकदीर्घा से खूब तालियाँ बटोरी। इस अवसर पर प्रतिभाग करने वाले छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए अभिभावकों के लिए भी विभिन्न रोचक खेलों का आयोजन किया गया जिसमें अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वार्षिक खेल दिवस के उपलक्ष्य पर विद्यालय के प्रध ानाचार्य मनोज कुमार ने अपने उद्बोधन में नन्हे-मुन्नों का उत्साहवर्द्धन करते हुए खेल प्रतियोगिताओं में उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। मुख्य अतिथि डॉ0 शुभम संदेश जैन ने अपने उद्बोधन कहा कि खेलों को हमारी दिनचर्या का अहम हिस्सा बनाने की जरूरत है। खेल और पढ़ाई दोनों ही जीवन के अभिन्न अंग हैं। विद्यालय के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार खेड़ा ने कहा कि खेल के माध्यम से बच्चों में शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास में भी वृद्धि होती है। अपने उद्भाषण के दौरान उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों से अपने बच्चों को खेल के प्रति जागरूक करने की अपील की। अन्त में विद्यालय के प्री-प्राइमरी विंग की समन्वयक रजीना साइमन ने उपस्थित सभी आगन्तुकों का विद्यालय पधारने व कार्यक्रम को सफल बनाने में किए गए सहयोग के लिए तहे दिल से धन्यवाद किया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन केसरदास खेड़ा, निदेशक ललित खेड़ा, समस्त शिक्षकगण, अभिभावकगण व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।







# जैन ग्लोबल स्कूल में वार्षिक कार्निवाल की धूम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जैन ग्लोबल स्कूल रूद्रपुर के परिसर में वार्षिक कार्निवाल उमंग 2023 का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि सी.ए गौतम कथूरिया तथा डॉ अमृत पाल थे । इस अवसर पर जैन ग्लोबल स्कूल के निर्देशक योगेश जैन , आशीष जैन, निखिल जैन , श्रीमती हर्षिता जैन , श्रीमती नेहा जैन , श्रीमती अंकिता जैन तथा जैन ग्लोबल स्कूल की उपप्रधानाचार्य सुश्री तेजल शिवपुरी द्वारा दीप प्रज्वलित कर उमंग 2023 का शुभारम्भ किया । समारोह में फैशन शो, नृत्य कला, खेल प्रतियोगिता( 100 मीटर रेस, लेमन स्पून रेस, टेबल टेनिस ,साइकिल रेस, चौस, शतरंज ,कैरम, टेबल टेनिस) फूड स्टॉल ,चित्रकला, रंगोली, मेहंदी , मुफ्त स्वास्थ्य चिकित्सा कैंप स्टॉल, मिस रुद्रपुर ,मास्टर रुद्रपुर तथा लकी ड्रॉ कूपन जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मिस रुद्रपुर तथा मास्टर रुद्रपुर मनस्वी नारंग तथा रूद्र को ताज देकर सम्मानित किया गया। लकी ड्रॉ की प्रथम विजेता निशिता बिष्ट ने एक लार्ज साइज ट्रॉली बैग द्वितीय पुरस्कार विजेता अभिषेक सिंह ने अपर केस बैग तथा तृतीय पुरस्कार विजेता आरव सिंह ने डिनर सेट प्राप्त किया। अन्य दस पुरस्कारों का वितरण किया गया इन सभी पुरस्कारों की राशि 15000 थी। इस मेले में छोटे बच्चों के लिए एक 'बेबी शो' का आयोजन किया गया बेबी शो ने सभी का ध्यान खींचा। डांस प्रतियोगिता निर्णय निर्णायक मंडल की सदस्य भावना तथा शीना द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के प्रथम विजेता क्रेजी बॉयस ने 5000रूपये की धनराशि प्राप्त की तथा द्वितीय स्थान रूद्र ने 3000रूपये की धनराशि प्राप्त की तथा तृतीय पुरस्कार भक्ति जैन ने सोलो डांस में 1500रूपये की धनराशि प्राप्त की। अतिथियों ने आयोजन की सराहना की तथा छात्रों का उत्साहवर्धन किया।





# छात्रों ने सूर्य और चन्द्र ग्रहण के सम्बंध में जानी बारीकी

बागेश्वर(उद संवाददाता)।डॉ.डीडी पंत स्मारक बाल विज्ञान खोजशाला-बेरीनाग और जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान-बागेश्वर के सहयोग से नागरिक मंच द्वारा एक दिवसीय अनुभव आधारित विज्ञान कार्यशाला आयोजित की गई।प्रक्तेश्वर मंदिर में आयोजित कार्यशाला में छात्रो ने विज्ञान की बारीकी जानी,छात्रों को विज्ञान की बारीकी, वैज्ञानिक विश्लेषण के आधार पर प्रशिक्षकों द्वारा जानकारी दी गई, कार्यशाला में बागेश्वर क्षेत्र के चार विद्यालय





सेंट जोजफ स्कूल, हिमालयन चिल्ड्रंस एकेडमी, गायत्री विद्या मंदिर और नेशनल मिशन इंटर कालेज के कक्षा 6 से 8 तक के 12-12 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला की थीम खगोल विज्ञान थी, जिसमें छात्र-छात्राओं ने पृथ्वी और चंद्रमा के परिक्रमापथ और धरती में ऋतुओं के अनुसार मौसम बदलाव के माडल बनाए और खेल-खेल में सूर्य और चंद्र ग्रहणों के लगने की प्रक्रिया का अभ्यास किया।कार्यशाला में खोजशाला के आशुतोष उपाध्याय, विनोद उप्रेती, डायट के प्राचार्य डॉ. शैलेंद्र धपोला, संदीप जोशी, नागरिक मंच से पंकज पाण्डे, आलोक साह गंगोला, गिरीश रावत, प्रमोद मेहता और पंकज जोशी आदि उपस्थित थे।

# लिटिल किंगडम में विज्ञान प्रदर्शनी व खेल प्रतियोगिता आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता) । लिटिल किंगडम प्रीपेट्री स्कूल में स्कूल फेट का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस उत्सव के मुख्य अतिथि किच्छा जिला उधमसिंहनगर के उप प्रभागीय न्यायाधीश ( मजिस्ट्रेट ) कौस्तुभ मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर किया। स्वागत समारोह में विद्यालय प्रबंधक हरिन्द्र सिंह पुरी, प्रधानाचार्या श्रीमती परविन्दर पुरी, उपप्रधानाचार्या सिमरन पुरी, गुनीत पुरी, कबीर पुरी, संचालिका श्रीमती स्वाति शर्मा, समस्त शिक्षिकाएँ, बच्चे, अभिभावक उपस्थित रहे। विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती परविन्दर पुरी ने मुख्य अतिथि कौस्तुभ मिश्रा को विद्यालय परिसर में लगे विभिन्न प्रकार के गेम स्टाल व विज्ञापन प्रदर्शनी का भ्रमण कराया। इस उत्सव में विभिन्न खेल स्टाल, विज्ञान प्रदर्शनी, भोजन, आकर्षक कोलकाता साड़ी, आर्टिस्ट क्रिएटिविटी, बाबा हैन्डलूम, आरएस कलेक्शन, ब्यूटी प्रोडक्टव व स्विंगस जोन आदि का आयोजन किया गया। विभिन्न प्रकार के खेलों में फाइंड एंड मैच द स्नोमैन, रिंग द डक, ब्लो द बॉल इन ग्लास, पास द प्लेनफ्राम द रिंग, बास्केटबाल फन, टूथपिक बंडल, मैच एंड क्रिएट द फिगर, अरेंज लैटरस फार्म सिमिलर अल्फाबेट काउंट एंड मैच द डॉटस, स्टैंडिंग बैगलस, टर्न द कॉइन, कलेक्ट द मैचस्टिकस, फॉच्यून व्हील, फन विथ थर्माकोल बालस, प्रिक द ब्रिजल, पेपर प्लेट रिंग टोस, थ्रो दरिंग एंड ग्रैब द गिफ्ट, बैलेंस द मार्बल, मेक पिरामिड यूजिंग बोल्ट, माइंडफुल गेम, मैचस्टिक आपरेशन, क्लैटिंग बैगल्स विथ फोक, बैलेंसिंग फन आदि कई आकर्षक खेल थे। विज्ञान प्रदर्शनी में सोलर सिस्टम, वालकैनौ विंडमिल, सोलर एनर्जी, वैल इलैक्टिसिटी, डे एंड नाइट, इको फैडली एनर्जी आदि आकर्षण का केन्द्र बने रहे। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा लक्की ड्रा का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम पुरस्कार लैपटॉप, द्वितीय पुरस्कार आटोमैटिक वाशिंग मशीन, तृतीय पुरस्कार कार्डलैस वैक्यूम क्लीनर, चतुर्थ पुरस्कार माइक्रोवेव, पंचम पुरस्कार जूसर मिक्सर ग्राइंडर, छठा पुरस्कार इन्स्यूलेटेड कैशरोल थे। इनके साथ साथ अन्य कई सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा स्कूल प्रबंधन द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहनीय की और विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती परविन्दर पुरी के कठिन परिश्रम को देखते हुए लिटिल किंगडम प्रीपेट्री स्कूल को शहर का सर्वश्रेष्ठ विद्यालय बताया।





